हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

इंदौर के सप्लायर समेत सारंगढ़, भाटापारा के कारोबारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

छत्तीसगढ़ में नकली दवा का खेल एंटीबायोटिक में चूना जैसा पाउडर!

आरोपियों को जेल दाखिल करते एफडीए की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राज्य में एंटीबायोटिक के नकली दवा कारोबार का गोरखधंधा फूटा है। दिसंबर में गोगांव के गोल्डन ट्रांसपोर्ट में मिली दवा की जांच के चार महीने बाद इंदौर के सप्लायर, भाटापारा और सारंगढ़ के दो दवा कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भाटापारा की प्रेम प्रकाश एजेंसी के संचालक सुरेन्द्र कामनानी ने सारंगढ़ के सरस्वती मेडिकल के संचालक खेमराम बानी के नाम से इंदौर के मां बिजायन मेडिकोज के संचालक रोचक अग्रवाल से दवा की सप्लाई करवाई थी। जांच में पता चला कि एंटीबायोटिक महज एक ▶▶|शेष पेज 7 पर

राज्य में तीसरे मामले में गिरफ्तार

नकली दवा के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने तीसरे प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी की है। इसके पहले गरियाबंद में नकली कफ सिरप बेचने के मामले में मेडिकल स्टोर्स के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उसके बाद रायगढ़ इलाके में नकली क्रीम के मामले में एक दवा कारोबारी को पकड़ा गया था। इस बार नकली एंटीबायोटिक के कारोबार में तीन दवा कारोबारी पकड़े गए हैं।

एक जांच अधिकारी हुआ था निलंबित

नकली दवा के मामले में गिरफ्तार सारंगढ़ के कारोबारी खेमराम बानी के साथ राजधानी के एक रेस्टोरेंट में जांच अधिकारी संजय नेताम मीटिंग करते रंगे हाथ पकड़े गए थे। इस मामले में उनकी बैठक को संदेह के दायरे में रखते हुए निलंबित कर दिया गया था। इस प्रकरण की जांच को लेकर एफडीए की टीम पर विभिन्न तरह का दबाव था। चुनौतियों का सामना करते हुए टीम ने मामले की जांच पूरी करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की।

ट्रंप बोले- ईरानी 'फास्ट अटैक' जहाज को करेंगे नष्ट, ईरान ने भी दी धमकी, खाड़ी देशों में हड़कंप

होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी, ईरान ने कहा-कोई बंदरगाह नहीं रहेगा सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| काहिरा

अमेरिकी सेना सोमवार को ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों से पोतों की आवाजाही रोकने के मकसद से नाकेबंदी कर दी, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बढ़ाना चाहते हैं। अमेरिका के इस कदम के जवाब में ईरान ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के सभी बंदरगाहों को धमकी दी है। इस कदम से तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं और युद्ध के फिर से भड़कने की आशंका है। 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग' के अनुसार, फारस की खाड़ी और ओमान सागर में सुरक्षा या तो सभी के लिए होगी या किसी के लिए भी नहीं। ईरानी सेना ने कहा, इस क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इससे पहले, ▶▶|शेष पेज 7 पर

इस्लामाबाद टॉक्स बेनतीजा रहने के बाद अमेरिका और ईरान के बीच वार-पलटवार तेज हो गया है। अमेरिकी सैन्य बलों ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे) ईरान के सभी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों पर नाकाबंदी लागू कर दी है। ईरान की ओर से पलटवार किया गया है। ईरान ने कहा कि कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। आईआरसीजी ने कहा कि कोई भी सैन्य जहाज जो किसी भी नाम या बहाने से होर्मुज स्ट्रेट के करीब आने की कोशिश करेगा, उसे संघर्ष विराम का उल्लंघन माना जाएगा और उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

भारत की 'नैया' पार लगाएगा ईरान

ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद होर्मुज को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि भारत के लिए एक राहत भरी खबर है। भारत के जहाजों को होर्मुज से गुजरने देने को लेकर ईरान ने सकारात्मक रुख दिखाया है। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फताली ने सोमवार को इस बारे में बयान दिया। इस रास्ते से भारत का 40 फीसदी कच्चा तेल आता है। हालांकि कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई थी, लेकिन फिर भी ट्रैफिक पहले जैसा नहीं है।

ईरान बोला-अगर तुम लड़ोगे, तो हम लड़ेंगे

ईरान का कहना है, 'अगर तुम लड़ोगे, तो हम लड़ेंगे।' ईरान के शीर्ष अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। सैन्य सलाहकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड के पूर्व कमांडर मोहसेन रेजाई ने लिखा कि होर्मुज़ नाकाबंदी का मुकाबला करने के लिए देश की सशस्त्र सेनाओं के पास 'कई महत्वपूर्ण अप्रयुक्त साधन' मौजूद हैं।

नाकाबंदी का क्या है

अमेरिकी सेना का कहना है कि सोमवार को होर्मुज़ स्ट्रेट पर नाकाबंदी से ईरानी बंदरगाह से सारा ट्रैफ़िक ब्लॉक कर दिया गया है, लेकिन दूसरी जगहों से आने वाले जहाज़ों को वॉटरवे से गुज़रने दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि हम ईरान को पैसा नहीं बनाने देंगे।

NOW OPEN AT

VIP ROAD:
SAFFRON CORPORATE, NEAR MAKE IN INDIA SQUARE, TELIBANDHA, RAIPUR.
MOB 9124826840

PANDRI:
PLOT NO 10/2,10/3, MAIN ROAD JEEVAN BIMA MARG, RAIPUR.
MOB 9124826841

14
April
भीम जयंती
महान समाज सुधारक, भारत रत्न
भारतीय संविधान के निर्माता
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
के
जयंती
की हार्दिक बधाई...
दुष्यम कव्वाली
15 अप्रैल 2026, बुधवार
वार्ड क्र.-12, मोहन नगर पश्चिम, दुर्ग
अजीत वैद्य, पार्षद
CONSTITUTION OF INDIA

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

दो दिन की सर्चिंग के बाद तीसरे दिन सुबह खाना खा के उठे थे तभी हुआ धमाका

एसपी ऑफिस में कर रहे ड्यूटी, अब बहनों की शादी व घर की जिम्मेदारी

5 भाग

घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी

विस्फोट में घुटने तक पैर कट गया, पर हालात के आगे नहीं टेके घुटने, ड्यूटी पर अब भी मुस्तैद

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी के पांचवे भाग में हम बता रहे है नारायणपुर जिले के डीआरजी में पदस्थ एक ऐसे ही जांबाज राकेश यादव के वीरता, त्याग और अटूट संकल्प की कहानी जो देश के साथ ही परिवार की जिम्मेदारी भी बखूबी

निभा रहे हैं। घटना के बाद पुलिस विभाग में कर्तव्यों के निर्वहन के साथ ही बहनों की शादी व पिता की देखभाल उनकी पहली जिम्मेदारी बन गई है, जो उनके जीवन के साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणादायी उदाहरण है। आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से उनका दाहिना पैर ▶▶|शेष पेज 7 पर

टॉस्क पूरा करने टीम के साथ हुए थे रवाना

राकेश यादव ने बताया कि 19 फरवरी 2025 को तोयमेटा - हितुलवाड़ा रोड निर्माण कार्य किया जा रहा था। पुलिस कैम्प कडेमेटा से डीआरजी के 67 जवान रोड सुरक्षा में रवाना हुए थे। पहले दो दिन तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन तीसरे दिन 21 फरवरी को काफी संख्या में ग्रामीण रोड निर्माण का विरोध करते हुए पहुंचे। उन्हें समझाइश देने व दोपहर लगभग एक बजे भोजन करने के बाद वह पहाड़ के ऊपर चढ़ते हुए अपने ▶▶|शेष पेज 7 पर

ड्यूटी के साथ ही बहनों व पिता की भी जिम्मेदारी निभा रहे

वर्ष 2003 में मां का आकस्मिक निधन हो गया, तब वे महज 12 साल के थे। मां की मौत के बाद पिता ने घर पर ही मनिहारी सामान की छोटी सी दुकान खोल ली थी। क्षेत्र में होने वाले साप्ताहिक बाजारों में सामान बेचने जाने लगे। इसी से परिवार का भरणपोषण हो रहा था। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए राकेश ने वर्ष 2012 में होमगार्ड में भर्ती हो गए। ▶▶|शेष पेज 7 पर

शहीदों का त्याग और घायल जवानों का जज्बा बस्तर की असली प्रेरणा

कुछ वीर अमर हो गए, कुछ घायल होकर भी डटे रहे, बस्तर उनके साहस को सदैव नमन करता है। शहीदों का बलिदान ओर घायल वीरों का साहस बस्तर की असली ताकत है। वहीं, शहीदों का त्याग और घायल जवानों का जज्बा बस्तर की असली प्रेरणा है। यही वजह है कि आज नक्सलमुक्त बस्तर शांति का टापू बनने जा रहा है।

- सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी, बस्तर

अपहरण कर मांगी एक करोड़ की फिरौती

24 साल की महिला ने 14 साल के नाबालिग का किया हनीट्रेप

ठेकेदार के सगे भांजे ने अपने दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में एक नाबालिग लड़के को हनीट्रेप (प्रेम जाल) में फंसाकर उसका अपहरण कर एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस इस मामले में नाबालिग को सुरक्षित बचाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें कथित महिला व उसका पति सहित अन्य लोग शामिल हैं। महिला की उम्र 24 साल है। उसने 14 साल के नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाया। ▶▶|शेष पेज 7 पर

इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में शैलेन्द्र लहरे (25 वर्ष) निवासी चंगोरा भाटा रायपुर, कृष्णा साहू उर्फ करण (28 वर्ष) निवासी चंगोरा भाटा (मास्टरमाइंड), रविंद्र लहरें (20 वर्ष) निवासी चंगोरा भाटा रायपुर, संजय साहू (25 वर्ष) निवासी अमलेश्वर और हेम पुष्पा साहू (24 वर्ष) निवासी चंगोराभाटा शामिल हैं।

ऐसे रची गई थी अपहरण की साजिश

वारदात के करीब 7 दिन पहले मुख्य आरोपी संजय साहू और महिला आरोपी पुष्पा साहू के द्वारा नाबालिग को हनीट्रैप में फंसाने की योजना बनाई गई। आरोपी महिला ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में नाबालिग से संपर्क करते हुए अपने झांसे में लिया। 12 अप्रैल की दोपहर महिला ने नाबालिग को फोन कर तिरंगा चौक अम्लेश्वर मिलने के लिए बुलाया। कार के पास जाते ही नाबालिग को कार में खींच लिया गया। कार में महिला सहित चार लड़के पहले से मौजूद थे।

वीडियो भेजकर मांगे 1 करोड़

एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि 12 अप्रैल को प्रार्थी ने अपने बेटे के अहरण की सूचना दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके बेटा मोटरसाइकिल बनवाने के बहाने तिरंगा चौक अमलेश्वर गया था। वहां उसे कुछ आरोपियों ने बुलाया और वहां से उसका अपहरण कर लिया। घटना के बाद उन्होंने मोबाइल में फोन करके धमकी दी। उन्होंने उसके बेटे का वीडियो भेजकर उसे छोड़ने के एवज में एक करोड़ रुपए फिरौती मांगी है।

महिला आरक्षण पर 16 को पेश हो सकता है बिल, गरमाई सियासत

पीएम मोदी बोले-21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर भारत

महिला आरक्षण बिल के संशोधन को लेकर देश की सियासत गरमा गई है। 16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय सत्र से पहले आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर है। इस बीच, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जोर देकर कहा कि असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन है। अब ऐसे में संसद के विशेष सत्र पर सबकी नजरें टिकी हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक की दहलीज पर है क्योंकि संसद उस समय 'नया इतिहास' रचेगी जब 2029 से महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए, इस सप्ताह इसमें संशोधन किया जाएगा। मोदी ने 16 अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय सत्र से पहले यहां आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में कहा कि इस कानून के लागू होने से अतीत की परिकल्पनाएं साकार होंगी और भविष्य के संकल्प पूरे होंगे। ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की परिकल्पनाओं को साकार करेगा और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। यह ऐसे भारत का संकल्प है, जो समतावादी हो।

■ 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने महिलाओं को दिया संदेश

इसलिए लाया जा रहा संशोधन विधेयक

महिला आरक्षण कानून को 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में बदलाव जरूरी है। इसी वजह से सरकार ने कानून में संशोधन पारित कराने के लिए बजट सत्र की अवधि का विस्तार किया गया है। महिला आरक्षण कानून में प्रस्तावित संशोधन पारित होने के बाद लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

पीएम ने कहा - संसद रच सकती है नया इतिहास

महिलाओं की भागीदारी से लोकतंत्र होगा मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी देश के लोकतंत्र को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है, और हमारी प्राथमिकता भी है, इस बार भी, ये काम संवाद, सहयोग और सहभागिता से हो।

महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण

संसद ने सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित किया था। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के जरिए किया गया था। मौजूदा कानून के तहत महिलाओं के लिए आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता।

मातृशक्ति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नई दिल्ली के विज्ञान भवन से प्रसारित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह देश की मातृशक्ति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक समावेशी एवं सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'पंचायत से पार्लियामेंट तक' नारी की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह प्रयास नए भारत की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करता है।

सोनिया बोलीं-परिसीमन प्रस्ताव अत्यंत खतरनाक

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि इस सप्ताह संसद के विशेष सत्र में विधेयक लाने के सरकार के कदम को लेकर असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन है। गांधी ने दावा किया कि यह 'परिसीमन प्रस्ताव अत्यंत खतरनाक' है और 'संविधान पर भी हमला' है। लोकसभा में सीटों की संख्या में वृद्धि करने वाले किसी भी परिसीमन को केवल गणितीय रूप से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी न्यायसंगत होना चाहिए।

संसद से पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुद्दा

संसद के आगामी विशेष सत्र से पहले महिला आरक्षण विधेयक का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। याचिका में यह तर्क दिया गया है कि महिलाओं के लिए एक तिहाई कोटा का फायदा स्थगित नहीं किया जाना चाहिए और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तत्काल लागू करने की मांग की गई है।

जंगल में डीआरजी जवान थे गश्त पर

मुठभेड़ में पांच लाख की इनामी एसीएम रूपी ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के छोटेबेठिया थाना अंतर्गत माचपल्ली में सोमवार की सुबह डीआरजी जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख की इनामी परतापुर एरिया कमेटी एसीएम रुपी को ढेर कर दिया। महिला माओवादी रुपी डीकेएसजेडसी सदस्य विजय रेड्डी की पत्नी थी। बताया जा रहा है कि रुपी बस्तर क्षेत्र में सक्रिय अंतिम तेलुगू माओवादी कैडर थी। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि कांकेर जिले के थाना छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत माचपल्ली, आरमझर हिदूर जंगल क्षेत्र में परतापुर एरिया कमेटी के सशस्त्र माओवादी ▶▶|शेष पेज 7 पर

पति की मौत का बदला लेने की खाई थी कसम

बताया जा रहा है कि रुपी रूपी, डीकेएसजेडसी सदस्य विजय रेड्डी की पत्नी थी। विजय की वर्ष 2025 में जिला मानपुर–मोहला में एक मुठभेड़ के बाद शव बरामद किया गया था। पति की मौत के बाद रुपी ने बदला लेने की कसम खाई थी। और इसलिए भी उसने समर्पण नहीं किया था। डीआरजी जवानों ने मुठभेड़ में रुपी को आज मार गिराया।

आईएमडी का पूर्वानुमान

अल नीनो से सामान्य से कम बारिश का अनुमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि इस वर्ष देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितंबर) के दौरान होने वाली मौसमी बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। भारत में इस दौरान 80 सेंटीमीटर बारिश होने की संभावना है। देश में मौसमी बारिश का (1971 से 2020 तक) दीर्घकालिक ▶▶|शेष पेज 7 पर

हिमपात का क्षेत्र कम रहा

महापात्र ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में, उत्तरी गोलार्द्ध में पिछले तीन महीनों (जनवरी से मार्च) के दौरान हिमपात का क्षेत्र सामान्य से थोड़ा कम रहा। जब उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दी और वसंत के दौरान बर्फ ज्यादा गिरता है, तो उसके बाद भारत में मानसून की बारिश आमतौर पर कम हो सकती है, और अगर बर्फ कम हो तो बारिश अधिक होने की संभावना रहती है।

'आशा ताई' को अंतिम विदाई....

मुंबई। प्रख्यात गायिका आशा भोसले का मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर सोमवार शाम हिंदू रीति-रिवाज और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। संगीत जगत की जानी-मानी हस्ती को अंतिम विदाई देने के लिए शिवाजी पार्क के अंदर और बाहर काफी संख्या में लोग एकत्र थे।

सीएम साय ने पुनर्वास केंद्र का किया अवलोकन, पुनर्वासितों से किया आत्मीय संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 'पुनर्वास से विकास तक' कॉफी टेबल बुक का विमोचन

नक्सल आतंक से लंबे समय तक प्रभावित रहे सुकमा में अब शांति, विश्वास और विकास की नई तस्वीर उभर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा जिला मुख्यालय स्थित पुनर्वास केंद्र का ▶▶|शेष पेज 7 पर

नियुक्ति पत्र वितरित

कार्यक्रम के दौरान ग्राम ढोंडरा कोंटा निवासी मौसम संजना, नागारास जगरगुंडा निवासी भरत कुमार हेमला सहित अन्य हितग्राहियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग के अंतर्गत 10 नव नियुक्त शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने पुनर्वासित हितग्राहियों को मोबाइल, राजमिस्त्री किट, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबियां तथा पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर 25 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपकर उन्हें सम्मानित किया गया।

डीएमके-कांग्रेस गठबंधन पर उठे सवाल

23 अप्रैल को तमिलनाडु में विस चुनाव के लिए होना है मतदान

चुनाव प्रचार के सिर्फ नौ दिन बाकी अब तक नहीं हुई राहुल की एंट्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों के पास प्रचार के लिए सिर्फ नौ दिन ही बाकी है। ऐसे में सभी दल पूरी ताकत के साथ रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। फिर चाहे वो टीवीके प्रमुख विजय हो या फिर डीएमके प्रमुख स्टालिन। सभी चुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस चुनाव में डीएमके का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। लेकिन इस गठबंधन पर अब सवाल उठ रहे हैं। इसका कारण है राहुल गांधी की रैली।

तमिलनाडु चुनाव में अभी तक राहुल गांधी की एंट्री नहीं हुई है। दरअसल, जिस भी प्रदेश में कांग्रेस गठबंधन के साथ चुनाव लड़ती है। वहां कई बड़े नेताओं समेत राहुल गांधी भी खुद जाते हैं। रैलियों में हिस्सा लेते हैं। रोड शो करते हैं। चुनाव पर इसका काफी असर भी पड़ता है। इसी वजह से सवाल उठने लगे। सूत्रों के अनुसार, दोनों पार्टियों में सीट बंटवारे के बाद खटास आ गई है। वहीं, कुछ का मानना है कि राहुल गांधी का चुनाव के आंतिम समय में आ सकते हैं। इससे आखिरी समय में चुनावी माहौल डीएमके-कांग्रेस गठबंधन की ओर मुड़ सकता है। हालांकि अभी तक राहुल गांधी की मौजूदगी को लेकर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। इससे पार्टी नेतृत्व के भीतर चिंता बढ़ गई है।

राहुल की मौजूदगी क्यों अहम?

सूत्रों के अनुसार, डीएमके नेताओं को डर है कि अगर राहुल गांधी रैली में शामिल नहीं होते हैं तो इससे गठबंधन की एकजुटता पर सवाल उठ सकते हैं। चुनाव के अंतिम दौर में एकजुटता का प्रदर्शन बेहद जरूरी होता है। ऐसे में उनकी गैर-मौजूदगी विपक्ष को हमला करने का मौका दे सकती है। लोगों में आसानी से कई तरह के नैरेटिव फैलाए जा सकते हैं। इसका खामियाजा कांग्रेस और डीएमके के प्रत्याशियों को भुगतना पड़ सकता है। ऐसे में मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए राहुल की मौजूदगी अहम है।

तालमेल में कमी

गठबंधन के भीतर तालमेल को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस और डीएमके के बीच सीट बंटवारे के दौरान पहले भी मतभेद सामने आए थे। हालांकि बाद में समझौता हो गया, लेकिन अब राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर अस्पष्टता ने फिर से समन्वय की कमी की चर्चा तेज कर दी है।

जब साथ दिखे थे स्टालिन और राहुल

हाल के हफ्तों में राहुल गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एसके स्टालिन एक साथ मंच साझा करते कम ही दिखे हैं। पुदुचेरी में दोनों एक ही दिन मौजूद थे, लेकिन साथ में रैली नहीं की। चेन्नई और कोयंबटूर के दौरों में भी दोनों नेताओं के संयुक्त कार्यक्रम नहीं हुए, जिससे राजनीतिक गलियारों में अटकलें और तेज हो गई हैं। कांग्रेस के अंदर भी राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर एक राय नहीं दिख रही है। कुछ नेता कह रहे हैं कि वे जल्द ही प्रचार में शामिल होंगे, जबकि अन्य नेता इस पर स्पष्ट जवाब देने से बच रहे हैं। इससे स्थिति और उलझ गई है और कार्यकर्ताओं के बीच भी असमंजस बना हुआ है।

तमिलनाडु को 'पीछे ले जाएंगी' अन्नाद्रमुक-भाजपा : उदयनिधि

चेन्नई। तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के दौरान उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एआईएडीएमके और भाजपा गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर एआईएडीएमके के नेतृत्व वाला एनडीए सत्ता में आता है तो तमिलनाडु 'पीछे की ओर जाने वाला" राज्य बन जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समझदारी से वोट करें और डीएमके गठबंधन को चुनकर राज्य के विकास की रफ्तार बनाए रखें। उधयनिधि ने आरोप लगाया कि एआईएडीएमके ने महिलाओं को मिलने वाली मासिक सहायता योजना को रोकने की साजिश की थी, इसलिए जनता को उसे पूरी तरह खारिज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता को यह साबित करना चाहिए कि एआईएडीएमके और उसकी सहयोगी भाजपा के लिए तमिलनाडु में कोई जगह नहीं है। एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर गृहिणियों के लिए 8000 रुपये का कूपन योजना शुरू की जाएगी। साथ ही महिलाओं को मिलने वाली 1000 रुपये की मासिक सहायता को दोगुना करने का भी वादा किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी 234 सीटों पर डीएमके गठबंधन को भारी जीत दिलाएं।

माकपा- कांग्रेस ने आयोग पर उठाए सवाल

केरल चुनाव के आंकड़े अब तक जारी नहीं

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस ने हाल ही में संपन्न केरल विधानसभा चुनाव के विस्तृत मतदान आंकड़े जारी करने में देरी को लेकर सोमवार को निर्वाचन आयोग से सवाल किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी डी सतीशन ने निर्वाचन आयोग को एक पत्र लिखकर नौ अप्रैल को हुए केरल विधानसभा चुनाव से संबंधित विस्तृत मतदान आंकड़े तत्काल प्रकाशित करने का आग्रह किया है। सतीशन ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे एक पत्र में बताया कि मतदान समाप्त होने के तीन दिन बीत जाने के बावजूद, आधिकारिक और प्रमाणित आंकड़े अभी तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने 12 अप्रैल के पत्र में कहा कि क्षेत्रवार मतदान डेटा, मतदान प्रतिशत और डाक मतपत्रों के आंकड़े अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। सतीशन ने कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने, जनता की निगरानी सुनिश्चित करने और चुनावी प्रक्रिया में विश्वास बनाए रखने के लिए ऐसी जानकारी का शीघ्र जारी किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पारदर्शिता पर उठे सवाल

शिवनकुट्टी ने देरी के कारणों पर स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि उन्नत तकनीक के युग में आंकड़े के संकलन में इस तरह की देरी पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि आयोग को जनता की चिंताओं को दूर करने और सभी श्रेणियों के मतों के सटीक आंकड़े आधिकारिक तौर पर जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाना चाहिए। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, केरल में नौ अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में 78.03 प्रतिशत मतदान हुआ। 140 विधानसभा क्षेत्रों से 883 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। विधानसभा चुनाव के परिणाम चार मई को घोषित होंगे।

ममता का चेला हुमायूं बाबरी मस्जिद बनाना चाहता है : शाह

गृहमंत्री ने रानीगंज में साधा निशाना

बंगाल में घुसपैठ के लिए टीएमसी जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ रानीगंज

पश्चिम बंगाल के वेस्ट मेदिनीपुर के रानीगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने हुमायूं कबीर को सीएम ममता बनर्जी का चेला करार दिया। उन्होंने कहा, 'ममता दीदी राम मंदिर का विरोध करती थीं और अपने चेले-चपाटों को बंगाल में आगे कर बाबरी मस्जिद बनाने का सपना दिखा रही हैं। ममता बनर्जी का चेला हुमायूं कबीर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाना चाहता है। कांग्रेस और ममता बनर्जी ने रामलला को 550 सालों तक तंबू के अंदर रखने का समर्थन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया।' घुसपैठ के मसले पर शाह ने कहा कि ममता बनर्जी बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दे रहीं हैं और बंगाल में घुसपैठ के लिए बीएसएफ को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'आप लोग बेखौफ और बे-रोक-टोक मतदान करना।

ममता पहले भाजपा के साथ रहीं, फिर उन्होंने इस्तीफा दिया ओवैसी

मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल में एआईएमआईएम अध्यक्ष ओवैसी ने रघुनाथगंज विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की राजनीति और मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बंगाल के मुस्लिम अल्पसंख्यकों के साथ गंभीर नाइंसाफी हुई है। ओवैसी ने लोगों से कहा कि उन्हें सेक्युलरिज्म के नाम पर सिर्फ वादे सुनने को मिलते हैं, लेकिन जमीन पर हालात अलग हैं। उन्होंने कहा कि ममता पहले भाजपा के साथ रहीं, फिर उन्होंने इस्तीफा दिया और बाद में 2003 में भाजपा ने उनका समर्थन किया। उन्होंने 2002 के गुजरात दंगे का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय हजारों मुस्लिम राहत शिविरों में रह रहे थे, तब ममता क्या कर रही थीं। ओवैसी ने इशरत जहां, बिलकिस बानो और जाकिया जाफरी का नाम लेते हुए पूछा कि क्या ये उनकी बहनें नहीं थीं।

'युवाओं को प्रभावित करने के लिए 'मन की बात' का प्रसारण'

बीरभूम में ममता ने पीएम को घेरा

23 और 29 अप्रैल को होंगे बंगाल में मतदान

एजेंसी ▶▶ सूरी (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बीरभूम जिले के सूरी में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा व पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण युवाओं को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'वे (भाजपा) पैसे बांट रहे हैं... उन्होंने सभी (अधिकारियों और पुलिस) का तबादला दूसरे राज्यों में कर दिया है ताकि कोई उन्हें पकड़ न सके। पश्चिम बंगाल में धन, मादक पदार्थ, हथियार और मतदाताओं की तस्करी की जा रही है। मतदाताओं को बिहार से ट्रेन और बसों में भरकर मतदान के लिए लाया जा रहा है।' बनर्जी ने कहा, 'कुल 19 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हैं... मैं उनके लिए काफी हूं। मैं आम जनता के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगी क्योंकि मुझे नहीं लगता कि मैं अकेली हूं। मुझे जनता का आशीर्वाद प्राप्त है।'

क्या बंगाल का सीएम बनना चाहते हैं मोदी?

टीएमसी प्रमुख ने मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं? यह सवाल उन्होंने मोदी के उस बयान के जवाब में पूछा जिसमें कहा गया है कि वह पश्चिम बंगाल की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार हैं। बनर्जी ने कहा कि वह इस तरह के बयान बार-बार दे चुकी हैं और मोदी का बयान उनके ही बयान की महज नकल है। प्रधानमंत्री ने रविवार को सिलीगुड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल के 'सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के उम्मीदवार' हैं। बनर्जी ने रोजगार के वादों को लेकर मोदी पर हमला करते हुए पूछा, 'दो करोड़ नौकरियां देने के उनके पहले के वादे का क्या हुआ?' उन्होंने कहा, 'जब हम रिक्त पदों को भरने की कोशिश करते हैं, तो भर्ती रोकने के लिए अदालतों में मामले दर्ज किए जाते हैं। अब वे नौकरियों की बात कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

शिवकुमार ने विधायकों से अनुशासन बनाने कहा

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल की पैरवी के लिए नयी दिल्ली की यात्रा करने वाले कांग्रेस विधायकों से पार्टी अनुशासन बनाए रखने का सोमवार को आग्रह किया। उन्होंने इन विधायकों को ऐसे सार्वजनिक बयान देने से बचने के प्रति आगाह भी किया, जिनसे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। बेंगलुरु में संवाददाताओं से मुखातिब शिवकुमार ने कहा कि पार्टी आलाकमान से मिलने के लिए विधायकों के दिल्ली का दौरा करने में कुछ भी गलत नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया में पहली बार महिला बनेगी सेना प्रमुख

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने इतिहास में पहली बार एक महिला को सेना प्रमुख बनाने का फैसला किया है। लेफ्टिनेंट जनरल सुसान कॉयल जुलाई से यह जिम्मेदारी संभालेंगी। सरकार के मुताबिक, कॉयल लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की जगह लेंगी। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि 125 साल के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी महिला को सेना प्रमुख बनाया जा रहा है। रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेगा।

सबरीमाला सोना चोरी शंकरदास को जमानत

कोल्लम। कोल्लम' केरल में कोल्लम जिले की एक अदालत ने सबरीमाला श्री अयप्पा मंदिर से कथित रूप से सोना चोरी होने से जुड़े दो मामलों में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व सदस्य के पी शंकरदास को सोमवार को जमानत दे दी। कोल्लम सतर्कता न्यायालय के न्यायाधीश मोहित सी एस ने शंकरदास को द्वारपालक (रक्षक देवता) की मूर्तियों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजों के फ्रेम से सोना चोरी होने से संबंधित मामलों में जमानत प्रदान की।

पंजाब विधानसभा में पास हुआ सख्त कानून

'बेअदबी' पर 25 लाख जुर्माने से लेकर मरते दम तक उम्रकैद

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर सोमवार को पंजाब विधानसभा ने सख्त कानून बनाने के लिए एक संशोधित विधेयक पारित किया है, जिसके तहत दोषियों को अब मरते दम तक उम्रकैद या 25 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस कानून को जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक-2026 नाम दिया गया है। विधेयक के प्रावधानों के मुताबिक, गजटेड ऑफिसर से नीचे का कोई भी अधिकारी इस मामले की जांच नहीं कर सकेगा। इसके अलावा संशोधित विधेयक में किसी भी तरह के समझौते का प्रावधान नहीं किया गया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संशोधन विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि बेअदबी की सजा मृत्यु तक उम्रकैद है।

मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा

विधानसभा से विधेयक पास होने के बाद इसे अब राज्यपाल को भेजा जाएगा। कैबिनेट मीटिंग इस संशोधन विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा और तुरंत प्रभावी हो सकता है। सीएम मान ने कहा कि इसमें जांच तय अवधि में पूरी करनी होगी। सभी कानूनों माहिरों और संत समाज से राय ली गई है। सिर्फ धार्मिक नहीं और कानूनी पक्ष से भी उनको राय देने के लिए कहा गया था। मान ने कहा कि यह स्टेट एक्ट है और इसे राष्ट्रपति की मंजूरी की जरूरत नहीं है। राज्यपाल के साइन की जरूरत है।

विधेयक में गीता, कुरान, बाइबल का जिक्र नहीं

सीएम मान ने यह भी साफ किया कि यह विधेयक अभी केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर ही लागू होगा। जबकि, गैर सिखों (हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, आदि) के पवित्र ग्रंथों और धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ पर इस विधेयक के तहत फिलहाल कोई सजा का प्रावधान नहीं है। अन्य धर्मों के लोगों से भी राय लेकर जल्द ही कानून बनाया जाएगा।

बेअदबी बनी सत्ता खोने की वजह

पंजाब में लंबे समय से बेअदबी की घटनाएं हो रही हैं। इस पर सख्त कदम उठाने की मांग की जा रही थी। प्रकाश सिंह बादल की अगुआई में अकाली दल सरकार के कार्यकाल के दौरान 2015 में बरगाड़ी बेअदबी और उससे जुड़ी घटनाएं हुईं। इसका असर ये हुआ कि 2017 के विधानसभा चुनाव में अकाली दल सत्ता से बाहर हो गया था।

गुजरात : ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत

अहमदाबाद। गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार सुबह लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। घायलों को सुरेंद्रनगर के अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब 1:30 बजे हुई। तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। फरार ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। बाद में इसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक श्रद्धालु ने बताया- राजकोट के दत्ता गांव से ठाकर के दर्शन करने के बाद हम लोग राजबाई मानी का झंडा फहराने के लिए विरामगाम जा रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम अधिकार देने से किया इंकार

पश्चिम बंगाल में 34 लाख लोग नहीं डाल सकेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में उन लाखों लोगों को वोट डालने की अनुमति देने से इंकार कर दिया है, जिनका नाम स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू के दौरान वोटर लिस्ट से कट गया था। कोर्ट को सूचित किया गया था कि 11 अप्रैल तक पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नामों को खारिज किए जाने या हटाए जाने के खिलाफ 34 लाख 35 हजार 174 अपीलें दायर की गई थीं। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि मतदाताओं को बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जाना चाहिए, खासकर तब जब 23 अप्रैल को मतदान होना निर्धारित है। वोटर लिस्ट में संशोधन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम ऐसी स्थिति पैदा नहीं कर सकते जिससे अपीलीय ट्रिब्यूनल के जजों पर काम का बोझ बढ़ जाए। हमारे पास एक और याचिका भी है, जो इन अपीलों पर रोक लगाने की मांग करती है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से तृणमूल कांग्रेस के नेता और वकील कल्याण बनर्जी ने केस की पैरवी की। उन्होंने कहा कि कम से कम 16 लाख अपीलें दायर की गई हैं, और उन्हें इस महीने के आखिर में होने वाले दो चरणों वाले विधानसभा चुनाव में वोट डालने की इजाज़त दी जानी चाहिए। इसके

न्यायिक अधिकारियों पर भी की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि एसआईआर का कार्य कर रहे न्यायिक अधिकारियों से अत्यधिक दबाव वाली परिस्थितियों में 100% सटीकता की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति कम समय सीमा के भीतर प्रतिदिन 1000 से अधिक दस्तावेजों से निपट रहा हो, तो 70% सटीकता को भी 'उत्कृष्ट' माना जाएगा। उन्होंने एक मजबूत अपीलीय तंत्र की आवश्यकता पर जोर दिया।

बांके बिहारी की व्यवस्था में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में मौजूदा धार्मिक रीति-रिवाजों में किसी तरह का दखल नहीं देगा। बांके बिहारी मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों और मंदिर के प्रबंधन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा, 'हम मौजूदा व्यवस्था में कोई बदलाव करने के इच्छुक नहीं हैं।' इस मामले में मंदिर की प्रबंधन समिति और सेवकों (पुजारियों) द्वारा याचिका दायर की गई है। याचिका में हाल ही में उठाए गए कुछ कदमों को लेकर आपत्ति जताई गई है।

बिहार में नए सीएम का मंगलवार को होगा ऐलान, कल ताजपोशी

सम्राट या निशांत किसके सिर सजेगा ताज, आज होगा फैसला

बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। नए सीएम का ऐलान मंगलवार को हो जाएगा और अगले दिन 15 अप्रैल को नए सूबा प्रमुख की ताजपोशी होगी। जानकारी के अनुसार, सीएम नीतीश मंगलवार को 3.30 बजे राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपने वाले हैं।

प्रधानमंत्री मोदी शपथ ग्रहण में समारोह में होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा के किसी नेता के नेतृत्व में बिहार में पहली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के गठन का भी प्लान तय हो गया है। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार 2 बजे प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। भाजपा दफ्तर में बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। इसमें नया नेता चुना जाता है या पुराने नेता सम्राट चौधरी को फिर से चुनकर सीएम पद पर प्रोमोट किया जाता है, इस पर सबकी नजर होगी। वहीं 3 बजे नीतीश कुमार की मौजूदगी में जदयू विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नए सीएम के नाम पर मुहर लगेगी। शाम 4 बजे शिवराज सिंह चौहान नए सीएम के नाम का ऐलान करेंगे। 15 अपैल को सुबह 11 बजे शपथ समरोह का आयोजन किया जाएगा। 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे लोकभवन में शपथ समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें पीएम मोदी भी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, वे 14 अप्रैल की शाम पटना पहुंचेंगे।

सम्राट चौधरी

निशांत कुमार

शिवराज करेंगे नाम का ऐलान

एनडीए विधायक दल का नया नेता सीएम बनेगा और अपने नाम पर गठबंधन से मुहर लगने के बाद राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा या करेगी। दिल्ली से आ रहे भाजपा के पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा विधायक दल की बैठक में मौजूद रहेंगे और नेता के नाम का ऐलान करेंगे। जदूय और भाजपा के विधायक दल की बैठकों से पहले चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी - रामविलास (लोजपा-आर), जीतनराम मांझी की हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (एचएएम) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के विधायक दल की बैठकें भी हो सकती है। तीनों ही दल अपने पुराने नेता को बनाए रखेंगे, इसकी संभावना ज्यादा है।

यह है संभावना

नीतीश कुमार के विधान परिषद से इस्तीफा देने के बाद जदयू के लिए एक नया नेता चुनना मजबूरी है। भाजपा को अगर विधायक दल के मौजूदा नेता सम्राट चौधरी को बदलना नहीं है तो मंगलवार की बैठक एक औपचारिकता है, जिसके जरिए नीतीश कुमार की सरकार में नंबर 2 सम्राट चौधरी को पार्टी अपने पहले मुख्यमंत्री के तौर पर चुनेगी।

महाराष्ट्र के ठाणे में भीषण सड़क हादसे में 11 की मौत, सीमेंट मिक्सर से टकराई वैन

दो अलग-अलग हादसे में गई 17 की जान

नई दिल्ली। महाराष्ट्र व गुजरात में हुए दो भीषण सड़क हादसे में सोमवार को 17 लोगों की जान चली गई। पहला हादसा महाराष्ट्र के ठाणे जिले में हुआ, जहां तेज रफ्तार वैन और सीमेंट मिक्सर के बीच जोरदार टक्कर में 11 लोगों की जान चली गई। हादसा सुबह करीब 11:30 बजे कल्याण-मुरबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 61 पर मुरबाद के गोविली गांव के पास रायता पुल पर हुआ। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य ने बाद में चोटों के कारण दम तोड़ दिया। चश्मदीदों का कहना है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत पास के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। शुरुआती जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार या ओवरटेकिंग की कोशिश बताया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को सूचित किया जा रहा है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गुजरात में सात लोगों की मौत

दूसरा हादसा गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में हुआ, जहां देर रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से सात लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना लखतर-विरामगाम राजमार्ग पर रात 1:30 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, राजकोट से आ रहे तीर्थयात्री पैदल चल रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। वे बहुचराजी के एक मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए निकले थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों में चार महिलाएं शामिल हैं। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

अभी न जाओ छोड़कर... गाकर ताई को किया विदा

एजेंसी ⏭ मुंबई

12 अप्रैल 2026 का दिन भारतीय संगीत के लिए बेहद दर्दनाक साबित हुआ। सुरों की मल्लिका आशा भोसले ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके जाने से पूरा देश शोक में डूब गया- सेलेब्स से लेकर फैंस तक, हर कोई गमगीन नजर आया। 13 अप्रैल की शाम बेटे आनंद भोसले ने आशा के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी।

सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर' गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई। आशा ताई अब पंचतत्व में विलीन हो चुकी हैं, लेकिन उनकी मधुर आवाज और यादें हमेशा दिलों में जिंदा रहेंगी।

आशा को याद कर भावुक हुईं हेलेन

हेलेन को कैबरे क्वीन कहा जाता है, उनके अधिकर सभी गाने आशा भोसले ने ही गाए। वो अपने करियर में तरक्की का श्रेय हेलेन को देती हैं। आशा भोसले के पंचतत्व में विलीन होने के बाद हेलेन ने मीडिया से बात की और दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा- मैं जहां हूं उनकी वजह से हूं। अच्छा हुआ मैं रिटायर हो गई। उनके निधन की खबर सुनकर मुझे सदमा लग गया था। भगवान उनकी खूबसूरत आत्मा को शांति दे।

गाने गाकर दी श्रद्धांजलि

शान, सुदेश भोसले समेत कई गायकों ने गाने गाकर आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग नजर आए।

पहुंचे कई सेलेब्स

शिवाजी पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार से पहले सोमवार सुबह आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मुंबई स्थित उनके निवास 'कासा ग्रांडे' में रखा गया। सचिन तेंदुलकर, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख सहित कई सेलेब्स अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

एयरपोर्ट पर चेंकिंग लाइन तोड़ अंदर घुसीं करीना

मुंबई। हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर करीना कपूर खान को स्पॉट किया गया। लेकिन, इस दौरान अपनी एक हरकत की वजह से लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा है। करीना कपूर को लाइन तोड़कर आगे निकलते देख यूजर्स ने उनकी खूब आलोचना की है। कई लोगों ने इसे सेलिब्रिटीज को मिलने वाले खास ट्रीटमेंट का उदाहरण बताया और इसे अन्य यात्रियों के साथ अन्याय करार दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि करीना मुंबई एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेकिंग की लंबी लाइन को छोड़कर सीधे आगे बढ़ जाती हैं। वे चेकिंग बूथ पर पहुंचकर अपना पासपोर्ट और आईडी अधिकारी को दिखाती हैं और फिर अंदर चली जाती हैं। इस दौरान बाकी यात्री लाइन में खड़े अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं।

अभिषेक और प्रियंका में कहासुनी!

नई दिल्ली। अभिषेक मल्हान 'बैटलग्राउंड' के नए सीजन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रियंका चाहर चौधरी, जो टीवी शो 'नागिन 7' का हिस्सा हैं, कथित तौर पर रियलिटी शो की होस्टिंग के लिए अभिषेक के साथ शामिल हो गई हैं। प्रियंका द्वारा पहले अभिषेक को रोस्ट जाने के बाद दोनों के बीच ऑनलाइन विवाद हो गया। बिग बॉस ओटीटी फेम स्टार ने अब प्रियंका के कमेंट का जवाब दिया है और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। अभिषेक मल्हान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा, 'प्रियंका जी कह रही हैं कि रोस्ट करना आता होगा तो करेगा। मैंने कहा, 'इच्छाधारी नागिन जी, ये इच्छा भी आपकी पूरी कर देंगे, आप बैटलग्राउंड में मिलिए हमें।

बहुत दुख में हूं, शरीर चला गया पर आत्मा साथ रहेगी : बिग बी

मुंबई। अमिताभ बच्चन इस वक्त आशा भोसले के निधन से बुरी तरह टूट गए हैं और दर्द में हैं। उन्होंने आशा भोसले को याद करते हुए दिल चीर देने वाला पोस्ट लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि आशा जी का शरीर छोड़कर चला गया है, पर उनकी आत्मा हमेशा साथ रहेगी। अमिताभ और आशा जी का बहुत पुराना कनेक्शन था। उन्होंने यह भी लिखा कि इस वक्त वह गहरे शोक में हैं। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'दुख और शोक...एक पूरे युग का अंत हो गया। एक अविश्वसनीय, अद्भुत, विस्मयकारी और विलक्षण हस्ती, कल हमें छोड़कर चली गई। वह थीं महान आशा भोसले जी। मैं बहुत शोक में हूं। वह ऐसी बहुमुखी प्रतिभा थीं, जो हर गीत को अपनी आवाज से जीवंत कर देती थीं। वह स्वर्ग सिधार गईं, और हमें शाश्वत संगीत का एक संपूर्ण ज्ञानकोश दे गईं। शरीर हमें छोड़कर चला गया, लेकिन उनकी आत्मा हमेशा हमारे साथ रहेगी। उनकी आवाज, उनकी आत्मा, हमेशा अमर रहेगी। मैं सचमुच इस वक्त बहुत दुख में हूं।' मालूम हो कि आशा भोसले और अमिताभ बच्चन का बहुत पुराना कनेक्शन रहा है। आशा ताई ने बिग बी की कई हिट फिल्मों में आवाज दी, जिनमें द ग्रेट गैंबलर, दोस्ताना और शान जैसे नाम शामिल हैं। आशा भोसले ने अमिताभ के लिए जानूं मेरी जान और दो लफ्जों की है दिल की कहानी' जैसे कई हिट गाने गाए।

चिंतन

कम पानी वाली फसलों को दी जाए प्राथमिकता

मौसम के बदलते मिजाज ने एक बार फिर दकृषि व्यवस्था के सामने कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी एजेंसी स्काईमैट वेदर के बाद अब सरकारी संस्था भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी इस साल मानसून के सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। स्काईमैट जहां 6% और आईएमडी 8% तक कम बारिश का अनुमान दिया है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, इसके पीछे छिपी है ग्रामीण भारत की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और महंगाई की संभावित मार। तीन साल बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है जब बारिश औसत से कम रह सकती है। इसका सीधा असर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों पर पड़ेगा जहां खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पिछले वर्ष 2025 में देश ने सामान्य से अधिक वर्षा देखी, लेकिन वह भी राहत नहीं दे सकी। कई क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया, खेतों में जलभराव से फसलें गल गईं। अगली फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यानी समस्या केवल 'कम' या 'ज्यादा' बारिश की नहीं, बल्कि 'असंतुलित' बारिश की है। कुल मिलाकर आने वाला समय खाड़ी युद्ध के बीच आर्थिक और सामाजिक तौर पर चुनौती पेश करने वाला होगा। इस बार कम बारिश के हालात देखते हुए सरकार को पहले से ही तैयार रहना होगा और किसानों को कम पानी वाली उन्नत फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे, ताकि समय रहते किसानों को प्रेरित और जागरूक किया जा सके। सरकार फसलों के विविधिकरण के लिए भी अनुदान बढ़ाए और किसानों को उन्नत बीज सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करे। यही वह समय है जब कृषि नीति में निर्णायक बदलाव की जरूरत है। कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन को प्राथमिकता देनी होगी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सीधे आर्थिक प्रोत्साहन जैसे अधिक अनुदान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और उन्नत बीजों की सुलभ उपलब्धता देनी होगी। जब तक किसान को यह भरोसा नहीं होगा कि कम पानी वाली फसलें भी उसे समान या बेहतर आय देंगी, तब तक बदलाव संभव नहीं। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। यह बदलाव जितनी जल्दी होगा, उतना ही देश के जल संसाधनों और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा। मनरेगा जैसी योजनाओं का भी इस संदर्भ में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। गांवों में तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कर सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेती को सहारा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा, आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। 'हर बूंद से अधिक फसल' का नारा तभी सार्थक होगा, जब इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। कमजोर मानसून का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग को प्रभावित करता है, जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। खाद्य उत्पादन घटने पर महंगाई बढ़ती है, जिसका बोझ हर नागरिक को उठाना पड़ता है। इसलिए यह मुद्दा केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरत है।

जयंती विशेष
शिवप्रकाश

बाबा साहब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।" 1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं। भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए किए गए बाबा साहेब के आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना भी असंभव है।

बाबा साहेब : दो युग-एक दृष्टि

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे । 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि "आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।" जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जीएवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं ।

भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है । केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है । इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" जैसे अनेक वेदमन्त्रो में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदिने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं । स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिससमय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयी अधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था। बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।"1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।" बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है। विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदू कोड बिल, जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार,बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलनाजिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबासाहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरज़ोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि "राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव-पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "नारी तू नारायणी" के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है। मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह, जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है ।

नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है । लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिये संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्तबनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आह्वान अनुसार "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सुरों की अमर सरगम
सुनील कुमार महला

आशा का अविस्मरणीय अनूठा व यादगार सफर

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। 8 सितम्बर 1933 को सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मी आशा, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुजूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय (एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेज़ी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया। निस्संदेह, आशा भोसले का जीवन केवल एक महान गायिका की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस, प्रयोगधर्मिता और आत्मविश्वास की प्रेरक गाथा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि वे किसी की परछाईं नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान गढ़ने वाली अद्वितीय कलाकार थीं। 'पिया तू अब तो आजा' जैसे चंचल गीतों से लेकर शास्त्रीय ग़ज़लों तक, उनकी आवाज़ ने हर भाव को अमर बना दिया। उनकी सुरमयी विरासत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित व प्रोत्साहित करती रहेगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?

संकलित
दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए- किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं। *-श्री श्री रविशंकर*

सुख-दुख आते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए

संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

अंतर्मन



आज की पाती

शहीदों की याद दिलाता बैसाखी

बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। इसी दिन 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को उत्साह-हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके अलावा इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल, 1919 बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने पंजाब के जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है। अंग्रेजों ने अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में अपने कायरतापूर्ण काम को अंजाम दिया था। यह अवसर हमें शहीदों की याद दिलाता है।

- दविन्दर सिंह चावला, राजनांदगांव

ट्रेंड

बलिदानियों को श्रद्धांजलि

जलियांवाला बाग नरसंहार के सभी अमर बलिदानियों को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ उनके अदम्य साहस और स्वाभिमान की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मैं सभी को नमन करता हूं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

कविगुरु के सपनों का बंगाल



भाजपा सरकार बंगाल के गरीबों से कटमनी लेने वाली टीएमसी सिंडिकेट को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेगी। हिंदुओं के साथ हुई हिंसा और अत्याचार की जांच करेगी। टीएमसी ने 'सोनार बांग्ला' को सिंडिकेट राज बना दिया, भाजपा कविगुरु के सपनों का बंगाल बनाएगी। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

ठंडे बस्ते में जाति जनगणना

सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा, लेकिन बिहार व तेलंगाना ने 6 माह से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। स्पष्ट है कि सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

चीन की शरारती कोशिश

भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है। झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।
-रंधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

करंट अफेयर

पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम पर हमला

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक सुरक्षा दल पर अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। यह घटना हंगू जिले के थाल थानाक्षेत्र में चपरी वजीरान इलाके में प्रांत में पोलियो रोधी अभियान के पहले दिन घटी। लि पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई और थाल के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहित चार अन्य घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों में से तीन हंगू स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से संबद्ध हैं। कोहाट के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) इरफान तारिक ने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमलावर अपने साथियों के शव घटनास्थल से ले गए। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।

ऑफ बीट

बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

अब तेजस के इंजन का देश में रखरखाव

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। दुनिया के कई भागों में चल रहे युद्ध और घरेलू मोर्चे पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच सोमवार का दिन भारतीय वायुसेना के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस (एलसीए) की रणनीतिक क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी करने वाला साबित हुआ। जिसकी सबसे बड़ी वजह वायुसेना और जीई एयरोस्पेस के बीच हुआ वह समझौता है। जिसमें अब देश के अंदर इन युद्धक विमानों के इंजन एफ 404-आईएन20 की मरम्मत, रखरखाव और संपूर्ण जांच यानी एमआरओ के लिए एक बड़ा डिपो स्थापित किया जाएगा।

350 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़, शोरूम के बाहर खड़े वाहन फूंके

नोएडा में तीसरे दिन हिंसक हुआ प्रदर्शन

नई दिल्ली। नोएडा में पिछले तीन दिनों से चल रहा प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन सोमवार को अचानक उग्र हो गया। वेतन बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर बड़ी संख्या में कर्मचारी सुबह से ही सड़कों पर उतर आए। पथराव और पुलिस से भिड़ंत के बाद नोएडा फेज-2 छावनी बन गया है। गुस्साए श्रमिकों ने सेक्टर-84 और आसपास के इलाकों में जमकर उत्पात मचाया, पथराव किया और वाहनों को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सेक्टर-84 में खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाया, जिसमें दो गाड़ियां पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। स्थिति को बिगड़ता देख भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन बेकाबू भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव शुरू कर दिया। जवाब में पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

ये है मांगें

अलग-अलग कंपनियों में कार्यरत प्रदर्शनकारी लंबे समय से वेतन वृद्धि और कामकाजी परिस्थितियों में सुधार की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि महंगाई के दौर में मौजूदा सैलरी पर्याप्त नहीं है, जिससे उनका जीवनयापन प्रभावित हो रहा है। इस हंगामे के कारण फेज-2 और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में काम पूरी तरह ठप हो गया है। सड़कों पर अफरा-तफरी के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ है।

इलाके में अब भी तनाव

स्थिति बिगड़ने पर पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की गई। हालांकि, जब भीड़ काबू से बाहर होती दिखी, तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर तितर-बितर किया। इसके बाद कई स्थानों पर हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे, लेकिन इलाके में तनाव अब भी बना हुआ है। उधर, योगी सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है। सीएम ने कहा, औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है।

तुर्किये में नेतन्याहू समेत 35 पर केस

अंकारा। तुर्किये में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है। इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील के दफ्तर ने आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें सभी आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की गई है। इसमें उम्रकैद के साथ 1,102 साल से लेकर 4,596 साल तक की अतिरिक्त सजा की मांग शामिल है।आरोपों में मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गैरकानूनी हिरासत, यातना और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है, जब सुमुद फ्लोटिला नाम का एक राहत मिशन गाजा की ओर जा रहा था।

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

शुद्धि पत्र (Corrigendum-1)

नगर परिषद, दुमका द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – UDD/DNP/01/2026-27 (Tender ID – 2026_UDD_112334_1) जिसका PR 376507 Urban Development and Housing (25-26)#D है, में आवश्यक संशोधन कर http://jharkhandtenders.gov.in पर अपलोड किया गया है। इसके अतिरिक्त निविदा में उल्लेखित शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, दुमका

PR 377354 District(26-27)#D

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रथम निविदा विज्ञप्ति

नि.क्र.44/न.पा.नि./जोन क्र.08/2025-26 बिलासपुर दिनांक 10.04.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा दिनांक 01.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	प्राक्कलन राशि रु. (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)
1	वार्ड क्र. 66 वैष्णवी गली हनु ट्रेडर्स के पास आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	2.96	3,000.00
2	वार्ड क्र. 66 सुशीला यादव के घर से डहरिया रजक के घर तक आर.सी.सी. नाली व सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	7.43	6,000.00

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी ज़ोन क्र.08 कार्यालय भवन सिटी बस डिपो प्रथम तल कोनी से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, ज़ोन क्र.08
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

NAGAR PANCHAYAT BAGICHA, DIST-JASHPUR (C.G.)
E-Procurement Tender Notice (1st Call)

NIT NO: 105 BAGICHA, Dated 13/04/2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/supply works up to date 05.05.2026 at 17.30 Hours.

System tender No.	Description	P.A.C.
188833	Construction of Gaurav Path from Tahsil Chowk to High School Chowk (including Drain, Dividor/ D.I. Pipes Work)	1000.23 LACS

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 13/04/2026 at 18:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT BAGICHA

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/57 Raipur, date 09.04.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in three-part tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./PSU/local bodies/Power Generating Companies / Reputed private sector in India only may be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

Tender Specifi. No.	Name of Work	NIT value
CEC/DSPM -KE/W/ 2026/04	Demolishing and disposal of Balance 324 units old F-type staff quarters at DSPM - TPS, CSPGCL, Korba East	56.30 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.) - 492006
CIN U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER (1st Call)
(Through e-Procurement Portal Only)

NIT No. 03 /CSIDC/E.E./Division-II/2026 -27 Raipur, Dated 09/04/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites tender for the work of

S. No.	Name of Work	Probable Amount of Contract (PAC) (INR Crores)	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Last Date for submission of Tender Documents
1	"Infrastructure development works i/c roads, drain development of parking area Site office, OHT, Sump well, D.I. Pipe line, pump house, R.C.C. slab culverts and parking for Proposed New Industrial area at village - Arang District Raipur (C.G.)"	12.53	Class-A	29.04.2026

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 10/04/2026 Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

Executive Engineer
(Division-II)

S-47502/1

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे www.csidc.in

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, महासमुंद (छ.ग.)

उपस्थिति हेतु सूचना

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 74 (क) की उपधारा (3) के तहत महासमुंद जिला के नीचे लिखे प्रकरणों में जप्तशुदा शराब एवं वाहन को राजसात करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरणों में अनावेदकगण एवं वाहनस्वामी को अपना पक्ष रखने हेतु कई बार समंस तामीली के लिए भेजा गया, किन्तु उन्हें तामील नहीं हो पा रहा है ।

अतः नीचे लिखे प्रकरणों के अनावेदक एवं वाहनस्वामी को सूचित किया जाता है कि वे प्रकरणों की पेशी दिनांक को न्यायालय कलेक्टर, महासमुंद में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत दिनांक को अनुपस्थित रहने की स्थिति उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकती है।

क्र.	न्यायालय कलेक्टर का प्रक. क्रमांक	थाना का नाम एवं अपराध क्रमांक	जप्तशुदा वाहन क्रमांक	अना. / वाहनस्वामी का नाम	ग्राम का नाम / थाना का नाम	प्र. में उपस्थित हेतु पेशी दिनांक
01	31/2025	बसना एवं अ. क्र. 0213/2025	CG/06/HD/5109	1. अमित अग्रवाल पिता महेन्द्र अग्रवाल 2. श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पिता अमित अग्रवाल (वाहनस्वामी)	साकिन वार्ड नं. 13 बसना थाना बसना जिला महा. सा.वार्ड नं. 13 बसना,थाना बसना जिला महासमुंद	20/04/2026
02	61/2025	बसना एवं अ. क्र. 0462/2025	CG/06/GC/3926	1. कपुर साय रात्रे पिता परसराम रात्रे 2. सा. संगीलाल जांगड़े पिता रूपराम जांगड़े,वाहनस्वामी	सा. सोनामंदी, थाना बसना जिला महासमुंद सा. बाल्सी सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)	20/04/2026
03	55/2025	महासमुंद एवं अ.क्र.2087	CG/06/GK/2784	1. कोमल कन्नौजे पिता राजेन्द्र कन्नौजे 2. कमलेश कन्नौजे पिता राजेन्द्र (वाहनस्वामी)	सा. बेलसोण्डा, थाना व जिला महासमुंद (छ.ग.) सा. बेलसोण्डा, थाना व जिला महासमुंद (छ.ग.	20/04/2026
04	79/2024	बलौदा एवं अ. क्र 44/2023-24	CG/06/GY/2908	1. सुफल ताण्डी पिता नरेश ताण्डी, 2. सहदेव उदेराम कुम्हार पिता उदेराम कुम्हासर (वाहनस्वामी)	सा.लखनपुर थाना सिघोड़ा, जिला महा. सा.बनोभांठा थाना बलौदा जिला महासमुंद	20/04/2026
05	38/2025	तेन्दूकोना एवं अ.क्र.46/2025	CG/06/GF/5918	1. नाथूराम साहू पिता अग्राहिज साहू 2. देवेन्द्र सिंह बाघमारे पिता श्री पूरन लाल बाघमारे	साकिन घोघरा थाना तेन्दूकोना जिला महासमुंद सा. टूरीडीह थाना पटेवा जिला महासमुंद	20/04/2026
06	55/2025	बागबाहरा एवं अ.क्र. 0165/2025	CG/06/GQ/3422	1. आदित्य राजपूत पिता मनोज राजपूत 2. मनोज पिता स्व. रामकृपाल राजपूत श्रीमती श्यामा राजपूत पिता मनोज राजपूत वाहनस्वामी	सा. गंजपारा वार्ड नं. 19 वर्तमान पता सुनसुनिया थाना बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग) सा. गंजपारा वार्ड 19 थाना महासमुंद जिला महासमुंद	20/04/2026
07	86/2024	सरायपाली एवं अ.क्र. 0206/2024	CG/06/GY/8446	1. अजय ताण्डी पिता भरत ताण्डी 2. भोला कुमार पिता राजू कुमार 3. अतुल पटेल पिता नारायण पटेल (वाहनस्वामी)	सा. सा. हड़ासरार, थाना बलौदा हॉल गौटिया ढाबा सरायपाली जिला महासमुंद सा. बरडीही थाना बलौदा हॉल गौटियचा ढाबा सरायपाली (छ.ग.) गोड़ पारा कुटेला, पोस्ट ऑफिस सरायपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद	20/04/2026
08	01/2025	बसना एवं अ. क्र. 0535/2024	CG/22/P/5099	1. धर्मेन्द्र पटेल पिता उत्तर कुमार पटेल 2. सुनील यादव पिता संतराम यादव 3. संत राम यादव पिता मनी राम यादव वाहनस्वामी	साकिन कुरमाझर, थाना सलिहा, जिला बलौदाबजार (छ.ग.) सा. कुरमाझर थाना सलिहा, जिला बालौदाबाजार (छ.ग.) सा. कहवा जुनवानी पोस्ट नगरदा तह कसडोल जिला बलौदाबजार	20/04/2026
09	111/24	महासमुंद एवं अ.क्र. 0017/2024	CG/06/GX/5731 CG/04/HX/9517	1. पुरूषोत्तम सारथी पिता देवलाल सारथी 2. नारायण साहू पिता लच्छन साहू 3.लच्छन साहू पिता अमरू साहू वाहनस्वामी 4. डोमर लाल पटेल पिता श्याम लाल पटेल वाहनस्वामी	सा. केशवा थाना महासमुंद जिला महासमुंद सा. पिटियाझर, थाना महासमुंद, जिला महासमुंद ---//----- ---//----- सा. बरोण्डाबाजार थाना महासमुंद जिला महासमुंद	20/04/2026
10	11/2025	पटेवा एवं अ.क्र. 38/2025	CG/04/PY/1039	1. मिलउ निषाद पिता सुकालू निषाद 2. सेवती यादव पिता विष्णु यादव (वाहनस्वामी)	सा. बिरकोनी थाना महासमुंद जिला महासमुंद सा. वार्ड 09 साहूपारा बिरकोनी थाना महासमुंद जिला महासमुंद	20/04/2026
11	16/2025	महासमुंद एवं अ.क्र. 0461/2024	CG/06/GC/6428	1. प्रीतम औसर उर्फ मोनू पिता धन्नु औसर 2. हेमराज टंडन पिता गणेश टंडन	सा. वार्ड नं. 14 पुरानी मछली मार्केट गंजपारा थाना व जिला महासमुंद सा वार्ड नं. 18 जेलपारा बेमचा, थाना व जिला महासमुंद	20/04/2026
12	05/2024	तुमगांव एवं अ. क्र. 164/2023	CG/04/LB/9930	1. टिकम चंद मन्नाडे पिता तारा चंद मन्नाडे	सा जोबा थाना तुमगांव जिला - महासमुंद	20/04/2026
13	50/2025	बागबाहरा एवं अ.क. 176/2025	CG/06/HD/4856	1. डोमार यादव पिता आत्माराम यादव 2. श्रीमती निशा बी खान पति फिरोज खान वाहनस्वामी	सा. खुसरूपाली थाना खल्लारी वार्ड नं. 09 पिथौरा चौक बागबाहरा जिला महासमुंद	20/04/2026
14	27/2025	आब. वृत्त बसना एवं अं.क. 75/2025	CG/04/QG/0735	1 सूरज बारीक पिता मानेशर बारीक 2. त्रिलोचन चौहान पिता चैतु चौहान वाहनस्वामी	सा.अखराभांठा तुकड़ा, थाना बसना जिला महासमुंद सा. साल्हेझरिया थाना बसना जिला महासमुंद	20/04/2026
15	76/2024	आबकारी वृत्त सरायपाली क्र. 0079/2024	CG/06/HB/1312	1 गुंजराम खुंटे पिता राम सप्रसाद खुंटे 2 शिबों बरिहा पिता कुंज बिहारी	परसापली थाना बलौदा छिबर्रा थाना बलौदा जिला महासमुंद	20/04/2026

(न्यायालय के आदेशानुसार)

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर जिला महासमुंद

G-262700155/1

INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE EDUCATION AND RESEARCH TIRUPATI
(An Autonomous Institution of National Importance under the Ministry of Education, Govt. of India)

RECRUITMENT FOR FACULTY POSITIONS AT IISER TIRUPATI

IISER Tirupati invites online applications from Indian nationals, including eligible Persons of Indian Origins (PIOS), Overseas Citizens of India (OCIs) and Non-Resident Indian (NRIs) having excellent academic record and relevant work experience for faculty positions on regular basis in various disciplines.

For detailed advertisement, please visit www.iisertirupati.ac.in >>Careers>> Faculty.

Date of commencement of online applications: April 13, 2026

The last date for submission of online applications is 17.00 Hrs. on May 28, 2026.

Advt. No.22/2026/IISER-T/Rect./13.04.2026

Sd/-
Director

CBC-21377/12/0004/2627

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक-02 रायपुर (छ.ग.)
शहीद स्मारक स्कूल परिसर, के. के. रोड, रायपुर (छ.ग.) टेलीफोन नं.-0771-4221266

क्रमांक.07/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./जोन क्र. 02/2026

सूचना

रायपुर, दिनांक 13.4.2026

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्र.02 क्षेत्रांतर्गत जनसाधारण द्वारा 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 में स्वयं के भवन, व्यवसायिक संस्थान आदि का निर्माण किया गया है। ऑनलाईन भवन अनुज्ञा की अनुमति के समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने की अनिवार्यता होने से उसके लिए सुरक्षा राशि निगम में जमा की गई है। लेकिन 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक भवन स्वामियों द्वारा अपना भवन निर्माण करने के पश्चात् रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने संबंधी सूचना नहीं दी है व रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नही किया गया है।

अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सभी भवन स्वामियो को सूचित किया जाता है कि वे अपने भवन में रेनवाटर हावेस्टिंग बना लिये जाने से संबंधित सर्टिफिकेट एवं जानकारी जोन क्रमांक 02 के कार्यालय में सूचना प्रकाशन की अवधि से 07 दिवस के भीतर जानकारी प्रस्तुत कर देवे। समयावधि समाप्ति पश्चात 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक निगम में रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु सुरक्षा राशि जमा की है वह राजसात कर ली जायेगी जिसके लिए पृथक से सूचना जारी नहीं की जायेगी।

सूचनार्थ।

दिनांक- 13/04/2026

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 156 / न.पा.नि./ 2026 रायगढ़ दिनाँक 13.4.26

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online). निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि (रू.) (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	188818	CONSTRUCTION OF B.T. ROAD AND DRAIN WORK FROM SATTIGUDI CHOWK TO SHUBHASH CHOWK TO STATION CHOWK RAIGARH.	237.64	05.05.2026
2	188820	CONSTRUCTION OF B.T. ROAD FROM HEMUCOLONY CHOWK TO BELADULA GOVT. SCHOOL & AMBEDKAR CHOWK TO AYURVEDIC HOSPITAL TO BAL NYALAY TO UPBHOKTA PURAM ROAD RAIGARH.	297.67	05.05.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि., रायगढ़

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/69 Raipur, date 09.04.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in three-part tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

Tender Specifi. No.	Name of Work	NIT value
CEC/HTPS-KW/W/ 2026/08	Resurfacing of existing tar road from Hospital Chowk to Erector Hostel Chowk (near F-1 Block) at HTPS, CSPGCL, Korba West. E-Comp. No.- 314752	63.34 Lacs

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर
Telephone- 0771-2443596, Fax- 0771- 2443496
Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्रं / शिक्षक शिक्षा/30-1/2026-27 1199

रायपुर दिनांक 25.03.2026

बी.एड. (विभागीय) / एम.एड. (विभागीय) व एम.एड. सीधी भर्ती सत्र 2026-28 में प्रवेश की सूचना

सत्र 2026-28 के लिए शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान, बिलासपुर, शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर व शासकीय शिक्षा महाविद्यालय कांकेर में संचालित द्विवर्षीय पाठ्यक्रम बी.एड. (विभागीय) तथा शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर / उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में संचालित एम.एड. (विभागीय) व एम.एड. (सीधी भर्ती) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रवेश नियमों अनुसार पात्र उम्मीदवार-एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट https://.scert.cg.gov.in में निम्नलिखित तिथियों तक कर सकते है :-

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि	संबंधित शिक्षा महाविद्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि
1	बी.एड. (विभागीय)	15.04.2026 से 30.04.2026	07.05.2026
2	एम.एड. (विभागीय)		
3	एम.एड. (सीधी भर्ती)		

शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में एम.एड. (विभागीय) / एम.एड. (सीधी भर्ती) में प्रवेश चयन परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेटिर सूची के आधार पर दिया जायेगा। एम.एड. पाठ्यक्रम में शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान, बिलासपुर एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर के लिए पृथक-पृथक मेरिट सूची बनाई जायेगी। चयन परीक्षा संभवतः दोनों शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों (शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर /उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर) में जून के द्वितीय सप्ताह में आयोजित किये जायेंगे। विस्तृत निर्देश प्रवेश नियम एवं महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी तथा तिथियों में परिवर्तन की स्थिति परिवर्तित तिथियों की सूचना हेतु कृपया एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट https://.scert.cg.gov.in देखें।

(जे.पी. रथ)
प्रभारी संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

S-47510/1

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 18003008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

homefirst — We'll take you home

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें] अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है वैसा ही'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ''ऑनलाइन'' आयोजित की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणधारक(ओं) एवंसह-ऋणधारक(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना राशि	कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि और समय	ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय	अधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	जितेन्द्र सोनी, नोविता सोनी	ख.नं.-1548/79, प.ह.नं.-50; ग्राम कैलाश नगर, प्लॉट नं.-53 का भाग, एकता चौक से लोहिया रोड, कुरूद वार्ड, वार्ड क्रमांक 16, भिलाई, तह. एवं जिला- दुर्ग, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023 चौहद्दी: उत्तर-सड़क, दक्षिण-निशा शुक्ला का मकान, पूर्व-हनुमंतु रवि का मकान, पश्चिम-बिहारी लाल का घर,	03-08-2025	1,648,563	08-01-2026	1,530,000	153000	29-04-2026 (11am-2pm)	27-04-2026 (upto 5pm)	7008279115

ई-नीलामी सेवा प्रदाता	ई-नीलामी वेबसाइट/विवरण और अन्य नियम एवं शर्तें	ईएमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर	शाखा का IFSC कोड	लाभार्थी का नाम
कंपनी का नाम: ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) हेल्पलाइन नंबर: 1079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net	http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net	912020036268117 होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड - एक्सिस बैंक लिमिटेड, एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व	UTIB0000395	अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी।

किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 14-04-2026 स्थान: रायपुर

हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

स्वास्थ्य व पीएचई अमले के साथ कलेक्टर पहुंचे पथर्री, कहा- सब कुछ ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ राजिम

हरिभूमि ने फिंगेश्वर क्षेत्र में 'सुपेबेड़ा के बाद अब पथर्री बना किडनी का नया डेथ जोन, एक ही घर में 3 मौतें, 8 मौत से जूझ रहे' शीर्षक के साथ खबर का प्रकाशन 12 अप्रैल को किया था। खबर प्रकाशन के बाद सोमवार को कलेक्टर बीएस उइके स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम के साथ गांव पहुंचे। मौके पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच कराई। कलेक्टर श्री सिंह उइके ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि गांव में सब सामान्य है, संभावित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। वहीं पीएचई के अधिकारियों ने हैंडपंप या अन्य जलश्रोत से आने वाले पानी का सैंपल टेस्ट भी किया है। विशेष स्वास्थ्य शिविर में करीब 70 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संदिग्ध मरीजों के घर-घर जाकर उनकी मेडिकल रिपोर्ट की जांच की। प्रारंभिक परीक्षण में चार लोगों में किडनी बीमारी की पुष्टि नहीं हुई, जबकि एक व्यक्ति अनियंत्रित उच्च रक्तचाप के कारण किडनी समस्या से ग्रसित मिला। वर्तमान में महासमुंद जिला अस्पताल में डायलिसिस करा रहा है।

गांव में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर, प्रारंभिक जांच में पेयजल-स्त्रोतों का पानी मानक पर

ग्रामीणों से कहा- स्थिति नियंत्रण में, घबराएं नहीं

कलेक्टर श्री उइके ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें आश्वस्त किया कि स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रहा है। एसडीएम राजिम विशाल महाराणा, सीएचएमओ डॉ. यूएस नवरत्न, पीएचई के ईई विप्लव घृतलहरे सहित अन्य मौजूद थे।

फील्ड टेस्ट किट में पानी में फ्लोराइड मानक अनुरूप

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने गांव के विभिन्न पेयजल स्रोतों, शासकीय नलों और निजी बोरवेल से पानी के नमूने एकत्रित किए। फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से की गई प्रारंभिक जांच में पानी में फ्लोराइड की मात्रा मानक के अनुरूप पाई गई है। हालांकि पेयजल की गुणवत्ता की विस्तृत और वैज्ञानिक जांच के लिए नमूनों को राज्य स्तरीय प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

जनगणना महाभियान में झोंकी ताकत, 62 हजार से ज्यादा कर्मचारी, 1 मई से शुरुआत

नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी जनगणना अधिनियम के तहत पूरी तरह गोपनीय रहेगी : पिंगुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां निर्णायक चरण पर पहुंच गई हैं। गृह विभाग की सीधी निगरानी में राज्य सरकार ने इस महाअभियान का पूरा ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। रायपुर के सिविल लाइन सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ और जनगणना कार्य निदेशक कार्तिकेय गोयल ने बताया कि राज्य में 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण और हाउसिंग गणना का पहला चरण चलेगा। पहली बार यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और स्वगणना के विकल्प के साथ होगी।

गृह विभाग ने जनगणना को राज्य की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायद मानते हुए इसकी कमान अपने हाथ में रखी है। राज्य स्तर से लेकर जिला और तहसील स्तर तक लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ स्वयं इस अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि कोई भी शहरी या ग्रामीण इलाका सर्वे से छूट न जाए। विभाग का जोर इस बात पर है कि आंकड़े पूरी तरह सटीक और भरोसेमंद हों, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं के लिए मजबूत आधार तैयार हो सके।

1 मई से घर-घर पहुंचेगा प्रशासन

पहले चरण में 1 से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों और परिवारों की जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान मकान की स्थिति, निर्माण का प्रकार, पानी-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं, परिवार की संरचना और उपलब्ध परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी दर्ज की जाएगी। गृह विभाग ने इस चरण को राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया है, क्योंकि यही डेटा आगे जनसंख्या गणना के दूसरे चरण की नींव बनेगा।

पहली बार डिजिटल जनगणना और स्व गणना

इस बार जनगणना की सबसे बड़ी खासियत इसका डिजिटल स्वरूप है। नागरिक 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं अपनी जानकारी भर सकेंगे. जानकारी दर्ज करने के बाद एक सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी जनरेट होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक को दिखाना होगा। प्रगणक की पुष्टि के बाद ही रिकॉर्ड अंतिम रूप से सुरक्षित होगा। गृह विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से डेटा संग्रह की गति बढ़ेगी और त्रुटियों की संभावना कम होगी।

62 हजार से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी मैदान पर

राज्य में इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए गृह विभाग ने लगभग 62,500 अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसमें प्रमुख जनगणना अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक और पर्यवेक्षक शामिल हैं। यह पूरा अमला 33 जिलों, नगरीय निकायों और गांवों तक पहुंचकर सुनिश्चित करेगा कि हर घर की जानकारी समय पर दर्ज हो।

33 जिलों से 19,978 गांव तक माइक्रो प्लानिंग

गृह विभाग ने जनगणना के पहले चरण के लिए राज्य भर में माइक्रो प्लानिंग की है। यह अभियान 33 जिलों, 195 नगरीय निकायों, 252 तहसीलों और 19,978 गांवों में संचालित होगा। इसके लिए लगभग 49 हजार मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। इन ब्लॉकों के जरिए प्रगणकों की जिम्मेदारी तय की गई है, ताकि कोई भी घर या परिवार सर्वे से बाहर न रहे।

गोपनीयता पर गृह विभाग का भरोसा

प्रेस वार्ता में गृह विभाग ने साफ किया कि नागरिकों द्वारा दी गई हर जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूरी तरह गोपनीय रहेगी। इन आंकड़ों का उपयोग केवल विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और नीति निर्माण के लिए किया जाएगा। इनकम टैक्स, पुलिस या किसी जांच एजेंसी के साथ इसे साझा नहीं किया जाएगा। इस भरोसे के जरिए सरकार लोगों की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जनगणना के लिए हर नागरिक को जानकारी देना अनिवार्य होगा। जानकारी न देने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

हाईकोर्ट ने रायपुर एसोसिएशन चुनाव पर लगी रोक 15 दिनों के लिए बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने रायपुर जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। सोमवार को इसी मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने यह रोक 15 दिनों के लिए बढ़ाते हुए एक अन्य याचिका को निराकृत कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता को बायलाज के अनुसार स्टेट बार काउंसिल में अपना रिप्रेजेंटेशन पेश करने का निर्देश दिया है।

रायपुर जिला कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही महिला वकील शमीम रहमान ने एडवोकेट हमीदा सिद्दिकी के जरिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें चुनाव प्रक्रिया की वैधानिकता को चुनौती देते हुए कहा गया कि चुनाव की अधिसूचना के अनुसार कुल 18 पदों में से 9 पद केवल पुरुष अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित कर दिए गए थे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के योगमाया विरुद्ध केंद्र सरकार के मामले में महिला अधिवक्ताओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का निर्देश दिया था, जिसका पालन नहीं किया गया। वर्तमान व्यवस्था में महिलाओं के लिए केवल 5 पद आरक्षित थे। याचिकाकर्ता का आरोप है कि मुख्य चुनाव अधिकारी ने बिना अधिकार के सहायक चुनाव अधिकारियों और अपील समिति की नियुक्ति कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि अगर इसी व्यवस्था के तहत चुनाव कराए जाते हैं तो यह महिला अधिवक्ताओं को उनके चुनावी हक से वंचित करने जैसा होगा।

ठगी: संचालक सहित 12 युवतियां पुलिस गिरफ्त में

रायगढ़। शहर में लोक सेवा केन्द्र और कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान की आड़ में ठगी का कारोबार करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने संचालक सहित 12 युवतियों को पकड़ा है। उनके पास से लैपटॉप और दो दर्जन से अधिक मोबाइल सेट जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक यहां मैट्रिमोनियल साइट्स के माध्यम से सुंदर वधु दिलाने का झांसा देकर युवकों को फांसने और उनसे मनमाने रूपए ऐंठने का काम होता था। 13 अप्रैल को दोपहर एसएसपी शशि मोहन सिंह, सीएसपी मयंक मिश्रा, साइबर थाना प्रभारी विवेक चेलक सहित अमले ने शहर के दो कंप्यूटर संस्थानों में एक साथ छापेमारी की। जब पुलिस टीम निधि परिवहन सुविधा केन्द्र के भीतर दाखिल हुई तो यहां काम करने वाली युवतियां लोगों से फोन पर बात करते रंगे हाथों पकडी गईं। वार्ड नंबर 15 में स्थित इस मकान के भीतर करीब 12 युवतियां काम कर रही थी। ऐसे में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि निधि परिवहन सुविधा केन्द्र के नाम से संचालित इस फर्म की आड़ में मैट्रिमोनियल साइट्स संचालित कर रहे थे।

सुंदर लड़कियों की फोटो दिखा कर कुंआरों को बना रहे थे मूर्ख

आनलाइन ठगी गिरोह पर कार्रवाई

परिवहन सुविधा केन्द्र और कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र के नाम से संचालित आनलाइन ठगी के गिरोह पर कार्रवाई की गई है। उक्त कार्यवाही में संचालक व उसकी पार्टनर सहित 12 युवतियों को पकड़ा गया है। साथ ही दो दर्जन से अधिक मोबाइल व लैपटॉप बरामद, कई सिम कार्ड, फर्जी सील आदि बरामद किया गया है। -शशिमोहन सिंह, एसएसपी, रायगढ़

कई फर्जी सील भी बरामद

लोक सेवा केन्द्र में परिवहन विभाग सहित कई विभाग और जिला अधिकारियों के नाम से सील भी बरामद किया गया है। केंद्र संचालक कपिल गर्ग के पास से कई दस्तावेज भी मिले हैं। ऐसे में पुलिस इन दस्तावेजों को खंगाल रही हैं। यहां कई आधार कार्ड व मोबाइल सिम आदि भी बरामद किया गया है।

छोटी रकम से होती थी ठगी की शुरुआत

बताया जा रहा है कि लोक सेवा केन्द्र और कम्प्यूटर प्रशिक्षण संस्थान की आड़ लेकर यहां कार्यरत युवतियां पहले सुंदर वधु दिलाने और उनके परिवार से मिलवाने तथा युवती से बात कराने वादा करते हुए एक न्यूनतम शुल्क जमा करने को कहती थी, जिसके बाद शुल्क की रकम बढ़ जाती थी।

छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले से लगे ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। ओडिशा के कोमना पुलिस कैंप से निकली सीआरपीएफ की टीम ने एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सोनाबेड़ा अभ्यारण्य से लगे ढेकुनपानी के घने जंगलों में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और आईईडी बनाने का सामान बरामद किया है।

सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधियों की गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सीआरपीएफ की टीम ने ढेकुनपानी जंगल के रणनीतिक स्थानों पर सर्चिंग ऑपरेशन तेज किया। जवानों ने जंगल के भीतर छिपाकर रखी गई सामग्री को बेहद सावधानी के साथ ढूंढ निकाला। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इन विस्फोटकों का उपयोग सुरक्षाबलों के वाहनों को उड़ाने या बड़े हमले को अंजाम देने के लिए किया जाना था।

जब्त किया गया विस्फोटक व सामग्री

मौके से बरामद सामान नक्सलियों की खतरनाक तैयारी की पुष्टि करता है। 70 नग जिलेटिन की छड़ें यह उच्च क्षमता वाला विस्फोटक है। 3 नग स्टील कंटेनर इनका उपयोग घातक 'टिफिन बम' बनाने के लिए किया जाता है। 4 बंडल इलेक्ट्रॉनिक वायर विस्फोटकों के लिए सर्किट तैयार करने और रिमोट कंट्रोल ब्लास्ट के लिए इनका इस्तेमाल होता है।

सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट

इस सफलता के बाद सोनाबेड़ा अभ्यारण्य और आसपास के दुर्गम इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कोमना पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें अब अन्य संदिग्ध ठिकानों की भी खाक छान रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि समय रहते विस्फोटक मिलना जवानों की मुस्तैदी का परिणाम है। फिलहाल, ढेकुनपानी और सीमावर्ती थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और गश्त बढ़ा दी गई है।

---

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

शिक्षक

आवश्यकता है- हम योग्य शिक्षकों की भर्ती कर रहे हैं- भारतीय GS (5), छत्तीसगढ़ (2), गणित व रीजनिंग (2), भाषा (2)। मेन्स उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अभी आवेदन करें:- दिल्ली आईएएस एकेडमी, वंदना बजाज शोरूम के ऊपर, रायपुर, 9691353992, 7880111266. (आरो-955)

कंप्यूटर कर्मी

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है रायपुर शहर में बिजली फिटिंग करने के लिए अनुभवी इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है शीघ्र संपर्क करें। नरेंद्र साहू ब्राह्मण पारा रायपुर मोबाइल 70241-77554, 81207-47449. (आरो-A)

सुरक्षागार्ड

आवश्यकता है- रायपुर, बिलासपुर, सिमगा, तिल्दा, भाटापारा एवं अन्य संस्थानों हेतु लम्बे तगड़े सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है वेतन 15000 Pf+ ESIC, सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर 9981210369.(RO-40533)

घरेलु स्टाफ/कुक

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाने व घर की साफ़-सफाई हेतु अनुभवी घरेलू स्टाफ/कुक (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (आरो-102)

मैनेजर/पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु मैनेजर,पेट्रोल डालने वाले कर्मचारी एवं टैंकर चालक की आवश्यकता है। एल॰बी॰ नगर,राजनंदगांव संपर्क- 8109411676. (आरो-074)

पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- प्लास्टिक पाइप एवं प्लास्टिक सामान पेकींग कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले लड़को की आवश्यकता हैं। रूम / बिजली सुविधा फ्री, पता- बंजारी मंदिर के पास, रावांभाटा, रायपुर, मो. 8011346678.(RO-072)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- विज्ञापन एजेंसी में मार्केटिंग हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता हैं, स्वयं का वाहन मिले । मीतनिशा , 23, तीसरा माला, रियो कॉम्लेक्स, फ्रूट ऑफिस के सामने, लालपुर । मिले 12 से 2 बजे, शाम 6 से 8 (आरो-meeth)

नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अस्पताल में कार्य करने हेतु ,ANM,GNM नर्सिंग स्टॉफ, X-RAY टेक्नीशीयन, फॉमसिस्ट (B.PHARMA, D.PHARMA) एवं PRO की आवश्यकता है संपर्क:- 8878266633, 7471126283, 7869132122. (आरो नं.-251)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़क एवं लड़की की आवश्यकता है, रायपुरा चौक चंगोराभाठा. 8839105162. (RO-398)

आवश्यकता है- युवा मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। हार्डवेयर दुकान और गोडाऊन में काम करने के लिए। साथ ही अकाउंट्स और कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए भी अवसर है। वेतन योग्यता अनुसार स्थान: बाम्बे मार्केट राज टॉकीज के सामने संपर्क करें- 9302702087.(RO-4108)

टाइपिस्ट/ मार्केटिंग

आवश्यकता है- हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिस्ट की आवश्यकता है साथ ही ऑफिस मार्केटिंग हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है उम्र 19 से 25 वर्ष मो. नं . 9926179342 स्थान पंडरी बस स्टैंड रायपुर छत्तीसगढ़ (RO-513)

आवश्यकता

आवश्यकता है- रायपुर व नया रायपुर में ग्राहक सेवा सहयोगी /TL भर्ती। (केवल पुरुष) योग्यता: किसी भी विषय में ग्रेजुएट, हिंदी- अंग्रेजी में अच्छी पकड़, 20 WPM टाइपिंग। शिफ्ट: 2 PM - 10 PM , 10PM–6AM इंटरव्यू: 11–20 अप्रैल, 10AM–5PM, सिविल लाइन पुलिस थाना, रायपुर। संपर्क: 9212138468 .(RO-4111)

ड्राइवर

आवश्यकता है- E-Riksha एवं कार के लिए ड्राइवर ,साफ सफाई के लिए महिला,की तुरंत आवश्यकता है। रायपुर से बाहर के लोगों को प्राथमिकता। रहने खाने की सुविधा के साथ। सम्पर्क करें- 8959906595 जैन गर्ल्स हास्टल pachpedhi नाका रायपुर (RO-7396)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़की एवं साफ-सफाई कार्य करने हेतु मेहनती ऑफिस ब्वाय की आवश्यकता हैं । सम्पर्क करें- ए. के. एडवरटाईजर्स, चिमन प्लाजा, तात्यापारा, रायपुर, मो. 9977960005, 9329100220. (आरो-073)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वीं /12वीं उत्तीर्ण पियून की आवश्यकता है। स्वयं का वहान होना अनिवार्य। वेतन योग्यता अनुसार। केवल स्थाई रूप से कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित संपर्क करें- 9229303242, 9329100263. (RO-912)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लिनिक में कार्य करने के लिए आवश्यकता है - युवक -01, युवती -01 योग्यता -12वीं पास संपर्क - माधवबाग क्लिनिक, अग्रोहा कालोनी, रायपुरा, रायपुर, छ.ग. मो. 8770484939, 9425577139 . (RO-6632)

ड्रायवर/पार्सल बॉय

आवश्यकता है- पंडरी/भाटागांव कोरियर टाटाएस चलाने ड्राईवर, पार्सल बांटने लडके, आंफिस हेतु लड़की चाहिए। जीएमएस कोरियर ए-4, पगारिया काम्प्लेक्स, पुरानाबस स्टैंड, पंडरी रायपुर, काल-वाटशप 9893101226, 9399676408. (आरो-meeth)

होटलकर्मी

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर,कप्तान जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केशरी , होटल शिव-प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590 (आरो नं.-246)

Property प्रापर्टी

मकान

जमीन बेचना है- NH - 30 पर कुरूद (धमतरी) संगवारी ढाबा के पास 66×140=9200 वर्गफीट का प्लाट। व्यवसायिक/आवासीय उपयोग हेतु कीमत 1000Rs वर्गफीट। संपर्क - 9425246511, 7566808000 (आरो नं.-248)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्क:- 9039310732 , 8280401638. (आरो-1387)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ
पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
तांत्रिक सम्राट
डॉ. जे.पी. दुबे
तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नही कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
कर्को रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

'मैं डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन से नहीं डरता' पोप लियो ने किया ट्रंप पर पलटवार

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

पोप लियो चौदहवें ने ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध संबंधी अपने शांति संदेश की अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा की गई आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि वेटिकन की शांति और सुलह की अपील 'बाइबिल के पवित्र उपदेशों' में निहित है, और वह डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन से नहीं डरते। अल्जीरिया जा रहे लियो ने पापल विमान में एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि उन्हें लगता है कि ट्रंप द्वारा की गई आलोचना 'बाइबिल के पवित्र उपदेशों' को न समझने की वजह से है। पापल विमान पोप की यात्राओं के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला विमान है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह सुनकर बहुत दुख हुआ, लेकिन मैं उस कार्य को जारी रखूंगा जिसे मैं आज दुनिया में चर्च का मिशन मानता हूं।' अमेरिकी मूल के पहले पोप ने इस बात पर जोर दिया कि शांति के लिए सामान्य अपील और विश्व में ईरान तथा अन्य जगहों पर युद्ध को बढ़ावा देकर 'सर्वाधिक शक्तिशाली होने के भ्रम' की निंदा करके उन्होंने ट्रंप

या किसी अन्य पर सीधा हमला नहीं किया है। पोप ने अन्य पत्रकारों से कहा, 'मुझे ट्रंप प्रशासन का कोई डर नहीं है।'

यह कहा था ट्रंप ने

ट्रंप ने रविवार रात लियो पर असाधारण हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिकी मूल के कैथोलिक चर्च के वैश्विक नेता 'बहुत अच्छा काम कर रहे हैं' और 'वह एक बहुत उदार व्यक्ति हैं'। उन्होंने यह भी कहा कि पोप को 'कट्टरपंथी वामपंथियों को खुश करना बंद कर देना चाहिए'। फ्लोरिडा से वाशिंगटन लौटते समय ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखकर लियो की आलोचना की, और फिर विमान से उतरने के बाद भी हवाई अड्डे पर पत्रकारों के साथ बातचीत में इसे जारी रखा। उन्होंने कहा, 'मैं पोप लियो का प्रशंसक नहीं हूं।'

'मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए'

ट्रंप की यह टिप्पणी लियो द्वारा सप्ताहांत यह कहे जाने के बाद आई कि 'सर्वाधिक शक्तिशाली होने का भ्रम' ईरान में अमेरिका-इजराइल युद्ध को हवा दे रहा है। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट में लिखा, 'पोप लियो अपराध के मुद्दे पर कमजोर हैं और विदेश नीति के लिए बेहद खराब हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जो यह सोचता हो कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है।' यह सब तब हुआ जब लियो ने शनिवार को सेंट पीटर बेसिलिका में शाम की प्रार्थना सभा की अध्यक्षता की। उसी दिन अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम के दौरान पाकिस्तान में आमने-सामने की बातचीत शुरू की थी। पोप ने अमेरिका या ट्रंप का नाम नहीं लिया था, लेकिन उनका लहजा और संदेश ट्रंप और अमेरिकी अधिकारियों की ओर निर्देशित प्रतीत हुआ, जो अमेरिकी सैन्य श्रेष्ठता का दावा करते रहे हैं। लियो सोमवार से शुरू हुई अफ्रीका की 11 दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने पूर्व में कहा था कि भगवान 'युद्ध करने वालों की प्रार्थना नहीं सुनते, बल्कि उन्हें अस्वीकार कर देते हैं।' युद्धविराम से पहले, जब ट्रंप ने ईरानी बिजली संयंत्रों और अन्य बुनियादी ढांचों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमलों की चेतावनी दी थी और कहा था कि 'आज रात एक पूरी सभ्यता नष्ट हो जाएगी'।

जैकेट के शेष

छत्तीसगढ़ में नकली दवा...

पाउडर था। इस पर चेन्नई की किसी कंपनी का जिक्र था, जबकि इस नाम की कंपनी है ही नहीं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने ट्रांसपोर्ट में नकली दवा जब्त करने के बाद मिले बिल के आधार पर सरस्वती मेडिकल सारंगढ़ के संचालक खेमराम से पूछताछ की थी। इस दौरान उसके मोबाइल पर नकली दवा की तस्वीर मिली थी। इस आधार पर पूछताछ में यह पता चला था कि यह दवा भाटापारा के प्रेमप्रकाश एजेंसी के संचालक सुरेन्द्र कामनानी के माध्यम से इंदौर से मंगाई गई है। जांच टीम इंदौर पहुंची और वहां के ट्रांसपोर्ट से मिले दस्तावेज के आधार पर मां बिजायन मेडिकोज (होलसेलर) के संचालक रोचक अग्रवाल तक पहुंची। उनसे प्रारंभिक पूछताछ के बाद टीम लौटी और अपने स्तर पर दवा के आर्डर, उसके भुगतान के सबूत तलाशा गया। इस इंवेस्टीगेशन में पुलिस की मदद ली गई। जांच पूरी होने के बाद सोमवार 13 अप्रैल को तीनों आरोपियों को ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस मामले की जांच और इंवेस्टीगेशन में औषधि निरीक्षक नीरज साहू और ईश्वरी नारायण ने प्रमुख भूमिका निभाई।

होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी...

अमेरिका ने घोषणा की थी कि वह सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह 10 बजे या ईरान के स्थानीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू करेगा। 'यूएस सेंट्रल कमांड' (सेंटकॉम) ने कहा कि यह नाकेबंदी सभी देशों के उन पोतों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से लागू की जाएगी, जो ईरान के बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं या वहां से बाहर जा रहे हैं।

पेज एक के शेष

विस्फोट में घुटने तक पैर...

घुटनों से ऊपर तक काटना पड़ा बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। 40 दिन के उपचार के बाद वे पुनः अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हो गए थे। आईईडी ब्लास्ट में पैर खोने के बावजूद उन्होंने धैर्य और साहस के साथ जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना किया और अपने कर्तव्य एवं विभाग के प्रति निष्ठा बनाए रखी। उन्हें पूरा विश्वास था कि एक दिन बस्तर की धरती पर शांति स्थापित होगी और वामपंथी उग्रवाद का अंत होगा, आज बस्तर के नक्सलमुक्त होने पर उन्होंने कहा कि पैर खोने का गम है लेकिन अबूझमाड़ में आई शांति, माड़ में हो रहे विकास कार्य और नक्सलवाद से मिली मुक्ति से वे काफी खुश है और अब सब कुछ अच्छा लग रहा है। उनका यह धैर्य और विश्वास इस बात का प्रतीक है कि सच्चा सैनिक परिस्थितियों से नहीं बल्कि अपने संकल्प से पहचाना जाता है।

टॉस्क पूरा करने टीम के...

बाकी साथियों को आवाज देते हुए नीचे आने के लिए कह रहे थे। तभी नक्सलियों द्वारा पुलिस के जवानों को मारने, हथियार लूटने एवं रोड कार्य बाधित करने के नियत से प्लांट किए गए आईईडी बम को ब्लास्ट कर दिया गया। जिसकी चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

ड्यूटी के साथ ही...

पांच वर्ष काम करने के बाद वर्ष 2017 में उनका चयन जिला बल में आरक्षक के पद पर हो गया। इसके बाद प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वर्ष 2022 में डीआरजी का हिस्सा बने और नक्सल मोर्चे पर जाने लगे। नारायणपुर कुम्हारपारा निवासी राकेश यादव वर्तमान में ड्यूटी के साथ ही अपने पिता भरत यादव के अलावा छोटी बहन महेश्वरी व बड़ी बहन ममता की भी देखभाल कर रहे है। दोनों बहनों के विवाह के बाद ही वे अपना विवाह करना चाहते है ताकि पिता की देखभाल भी अच्छे से हो सके।

24 साल की महिला ने...

मिलने के बहाने बुलाकर अपहरण कर लिया। मुख्य आरोपी प्रार्थी का सगा भांजा निकला। पांच में से चार आरोपी रायपुर के हैं। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी के भांजे ने भरोसे का फायदा उठाते हुए पूरे वारदात को अंजाम दिया। 24 वर्षीय महिला पुष्पा साहू ने 14 वर्षीय नाबालिग को अपने प्रेमजाल में फंसाया। दोनों के बीच प्यार भरी बातें होने लगी। इसके बाद पुष्पा ने मिलने के लिए नाबालिग को सुनसान जगह बुलाया और वहीं से उसका अपहरण कर लिया गया। जैसे ही मामले की शिकायत दुर्ग पुलिस के पास पहुंची, पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए फिल्मी स्टाइल में कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। **फर्जी निकाला कार नंबर, मोबाइल लोकेशन से मिला क्लू :** एसएसपी विजय अग्रवाल ने तुरंत तीन टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। टीम ने कार के नंबर की जांच की तो वो फर्जी निकला। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों का मोबाइल लोकेशन निकाला तो वो धमतरी मिला। दुर्ग पुलिस और धमतरी पुलिस ने मिलकर धमतरी रोड में जेसीबी खड़ा कर नाकेबांदी की। अपहरणकर्ताओं के कार की पहचान होते ही उसे रोका गया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए अपहृत बालक को सकुशल बरामद किया गया। **तत्काल दें सूचना :** सोशल मीडिया और अज्ञात व्यक्तियों के संपर्क में सतर्क रहें तथा हनीट्रैप जैसी घटनाओं से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अपराधियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।- **विजय अग्रवाल**, एसएसपी दुर्ग

मुठभेड़ में पांच लाख की...

कैडरों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर 12 अप्रैल को डीआरजी टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। अभियान के दौरान 13 अप्रैल के प्रातः से डीआरजी जवानों एवं माओवादियों के बीच लगातार मुठभेड़ होती रही।

सीएम साय ने पुनर्वास ...

दौरा कर वहां संचालित पुनर्वास एवं कौशल विकास गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित लोगों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव जाने और उन्हें मुख्यधारा से जुड़कर नया जीवन प्रारंभ करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सम्मानजनक जीवन, रोजगार और आगे बढ़ने के समान अवसर देने के लिए दृढ़संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पुनर्वासितों की आंखों में दिखता आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण है कि यदि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले, तो हर भटका हुआ कदम नई दिशा और नया जीवन प्राप्त कर सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की प्रभावी नक्सल पुनर्वास नीति के चलते सुकमा सहित बस्तर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अब तक 2392 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है।

अल नीनो से सामान्य से...

औसत (एलपीए) 87 सेंटीमीटर रहा है। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. एम. महापात्र ने कहा, मात्रात्मक रूप से, पूरे देश में मौसमी बारिश एलपीए के 92 प्रतिशत तक होने की संभावना है, जिसमें पांच प्रतिशत की कमी या बढ़ोतरी हो सकती है।

ईरान की सीमा पार कर आर्मेनिया अजरबैजान पहुंचे 2 हजार 230 लोग

खाड़ी से बढ़ता संवाद, सुरक्षित देश लौटे 9 लाख 27 हजार भारतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच अब तक कुल करीब 9 लाख 27 हजार भारतीयों की पश्चिम-एशिया के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र से सुरक्षित वतन वापसी हुई है। समूचे क्षेत्र के हालात पर विदेश मंत्रालय की कड़ी नजर बनी हुई है। जिसमें देश के नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं, भारतीयों की स्वदेश वापसी की इस व्यापक प्रक्रिया को सफलता के साथ पूरा करने में उन सभी देशों की अहम भूमिका है। जिन्होंने अपनी हवाई सीमा के आंशिक रूप से खुले होने की स्थिति में भी देश के विभिन्न शहरों के लिए लगातार गैर पंजीकृत कमर्शियल उड़ानों का संचालन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों का खासतौर पर खाड़ी के देशों के साथ संपर्क और संवाद की प्रक्रिया युद्धस्तर पर जारी है।

मंत्रिस्तरीय वार्ताओं का निचोड़

रणधीर ने कहा कि पूर्व में हुई विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की कतर की यात्रा पीएम के जरूरी निर्देश का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। इन सबके बीच केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी क्षेत्र के अपने समकक्षों के साथ साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज यूएई से 100 उड़ानें भारत के अलग-अलग शहरों तक पहुंचेंगी। कतर की हवाई सीमा आंशिक रूप से खुली हुई है।

ईरान से बाहर निकले 2,230 भारतीय

महाजन ने बताया कि तेहरान में हमारे दूतावास की मदद से अब तक कुल 2 हजार 230 भारतीयों को सुरक्षित ढंग से आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचाया गया है। वहां से जल्द ही यह सभी लोग देश पहुंचेंगे। सड़क मार्ग से ईरान की सीमा पार करने वाले इन लोगों में 987 छात्र और 657 मछुआरे भी शामिल हैं। इजरायल की हवाई सीमा आंशिक रूप से खुली हुई है। वहां से सीमित उड़ानों का संचालन जारी है। जिसे देखते हुए हम लगातार देश के लोगों को जॉर्डन और मिस्र के रास्ते वापस स्वदेश ला रहे हैं।

थाने पर ग्रेनेड हमला छह आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर जिले के भिंडी सैदा थाने पर पिछले महीने हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाने में 29 और 30 मार्च की दरमियानी रात घटी इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सोमवार को कहा, 'एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिला अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने भिंडी सैदा थाने पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले को जिला फरीदकोट पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में सुलझा लिया है।

हिंदू संगठन से जुड़े समूह की भागीदारी को लेकर विरोध

'वीएचपी कनेक्शन' को लेकर विवाद अमेरिका में हिंदी बुक इवेंट कैंसिल

मेरीलैंड। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में एक पब्लिक लाइब्रेरी पुस्तकालय में आयोजित हिंदी बुक इवेंट विवादों में घिरने के बाद रद्द कर दिया गया। ये कार्यक्रम हिंदी भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के मकसद से आयोजित किया जाना था, लेकिन इसमें एक हिंदू संगठन से जुड़े समूह की भागीदारी को लेकर विरोध शुरू हो गया। ये कार्यक्रम मोंटगोमरी काउंटी पब्लिक लाइब्रेरी के जर्मनटाउन लाइब्रेरी में आयोजित होने वाला था। इसका नाम 'मैनी लैंग्वेजेस, वन लाइब्रेरी : सेलिब्रेटिंग हिंदी' रखा गया था। इस प्रोग्राम में हिंदी की नई किताबों के कलेक्शन का उद्घाटन भी होना था, जिसमें करीब 160 हिंदी किताबें शामिल थीं. लेकिन कार्यक्रम में शामिल एक हिंदी स्कूल के कनेक्शन विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) से होने के कारण कई सामाजिक और नागरिक संगठनों ने विरोध जताया।

खेड़ा की अग्रिम जमानत के खिलाफ असम सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। हिमंता बिस्वा सरकार ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील दायर की है जिसमें पवन खेड़ा को एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी गई थी। यह मामला असम में दर्ज उस मामले से जुड़ा है जो उन्होंने असम के सीएम हिमंता की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर दर्ज हुआ था। यह विवाद पवन खेड़ा के उस आरोप से संबंधित है जिसमें उन्होंने कहा था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां के पास कई विदेशी पासपोर्ट हैं और उनके पास विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला धमतरी (छ.ग.)

फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विशेष विवाह के पक्षकार राजेन्द्र कुमार पिता स्व. बोधनराम, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम दरगहन, तहसील नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) एवं जमुना पिता स्व. छोटेलाल सोनकर, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम बगदेही शीतला पारा वार्ड गोबरा नवापारा राजिम, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 अध्याय-दो के अधीन विशेष विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में दिनाक 21/04/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता को आवेदन/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जायेगा।

आज दिनांक 18/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

आगामी पेशी दिनांक-21/04/2026

विशेष विवाह अधिकारी
एवं अपर कलेक्टर जिला
धमतरी (छ.ग.)

आम सूचना

दिनांक 10/04/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार यशवंत पुरोहित आ. मदनलाल पुरोहित उम्र 56 वर्ष निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा भू स्वामी खुमान राव पवार आ. कृष्ण राव पवार मौजा ग्राम झीट तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम स्वामित्व की ग्राम झीट प.ह.नं. 50 रा.नि.मं. जामगांव (एम) तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1589/6 रकबा 0.047 हे. भूमि का पक्का सौदा मेरे पक्षकार के साथ हुआ है तथा 10 दिवस के भीतर उक्त सौदायुक्त भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय मे निष्पादन किया जाना है।

उक्त भूमि सौदायुक्त भूमि खरीदी बिक्री से किसी भी शासकीय, अर्ध शासकीय, वित्तीय निकाय, गैर शासकीय, व्यक्ति को उक्त सौदायुक्त भूमि पर कोई आपत्ति, दावा है तो वह मेरे कार्यालय एवं मेरे पक्षकार के निवास में इस ईश्तहार प्रकाशन के 01 सप्ताह के भीतर अपना हक, दावा, या आपत्ति दर्ज कर सकता है, अगर उपरोक्त समयावधि के भीतर किसी भी प्रकार के दावा, आपत्ति किसी भी शासकीय, अर्ध शासकीय, वित्तीय निकाय, गैर शासकीय, व्यक्ति करता है तो विधि विरूद्ध माना जावेगा तथा उसके आपत्ति दावा पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा। मेरा पक्षकार वादग्रस्त भूमि का विहित समयावधि के भीतर पंजीकृत बैनामा अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगी।

सो सूचना जानें।

केशव वर्मा (अधिवक्ता)
जिला एवं अपर सत्र न्यायालय पाटन,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827405366

NOTICE INVITING e-tender

Letter No-284 **Date-10/04/26**

Planning, Designing, Engineering, Procurement and Construction (**EPC Mode-1**) including one year of operation and maintenance of services of Govt. Medical College and allied infrastructure development work at Village Charaidand, Block Duldula District Jashpur in Chhattisgarh.

Chhattisgarh Medical Services Corporation LTD. (CGMSCL), 4th Floor, CGHB Commercial Complex, South-East Corner, sector 27, Nava Raipur Atal Nagar Chhattisgarh 492015, as Executing Agency for the Construction Of Government Medical Colleges And Allied Infrastructure Development With Services At Village Charaidand, Block Duldula District Jashpur in Chhattisgarh for this Project, invites online bids for Planning, Designing, Engineering, Procurement and Construction (**EPC Mode-1**) including one year of operation and maintenance of services of Govt. Medical College and allied infrastructure development work at Village Charaidand, Block Duldula District Jashpur in Chhattisgarh.through e-tendering from eligible contractors/firms in two bid system for the following work:-

Name and Description of work	Estimated cost (Rs.)	Completion period of Work	Last date to fill/upload the bid through e-bidding	Bid Security amount
Planning, Designing, Engineering, Procurement and Construction (EPC Mode-1) including one year of operation and maintenance of services of Govt. Medical College and allied infrastructure development work with all services at Village Charaidand, Block Duldula District Jashpur in Chhattisgarh.	Rs. 319.66 Crs	24 Months	08.05.2026 Up to 17:00Hrs.	Rs.319.66 Lakhs

The bid document shall be available online from 13.04.2026

Date of Pre-bid Meeting - 28.04.2026 at CGMSC Ltd. Head Office, Nava Raipur Atal Nagar On 11.00 AM

Bid Opening Date - 09.05.2026 For submission & other bid details, please refer detailed NIT available on websites **www.eproc.cgstate.gov.in**, e-Procurement System

Corrigendum/ amendments etc., if any, will be notified on these websites only and separate advertisement will not be made for the same CGMSCL reserves the right to accept or reject any application without assigning any reason or incurring any liability whatsoever.

S-47503/1 **Sd/- Superintending Engineer**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विभिन्न वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
निविदा सूचना क्रमांक: NIT/02/APR/95265312/01 दिनांक: 02.04.2026
आइटम का संक्षिप्त विवरण: 5 Watt VHF डिजिटल वॉकी-टॉकी सेट की सप्लाई।
मात्रा: 351 सेट्स।
अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 90,29,124/-
ईएमडी: ₹ 1,80,580/-
देय तिथि: दिनांक **27.04.2026**
देय समय: सुबह **10:30** बजे।
नोट: उपर्युक्त ई-निविदा अंतर्गत सभी निविदा-कर्ताओं अपनी बोलियाँ IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। अधिक जानकारी के लिए, कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएँ।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/04-14
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

राशिफल

मेष — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती हुई ब्रिटनी

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

दिग्गज पॉप गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स शराब और मादक पदार्थों के प्रभाव में वाहन चलाने (डीयूआई) के संदेह में अपनी गिरफ्तारी के करीब एक महीने बाद नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती हुई हैं। स्पीयर्स के एक प्रतिनिधि ने रविवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' को भेजे एक ईमेल में बताया कि ब्रिटनी (44) ने स्वेच्छा से केंद्र में अपना पंजीकरण कराया है। कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल (सीएचपी) के अनुसार, पांच मार्च को अधिकारियों को सूचना मिली थी कि वेंचुरा काउंटी में यूएस 101 पर एक बीएमडब्ल्यू कार बेहद तेज गति और अनियंत्रित तरीके से जा रही है। प्राधिकारियों ने बताया कि इसी क्षेत्र में रहने वाली स्पीयर्स को मौके पर शराब और मादक पदार्थों के सेवन के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें काउंटी जेल ले जाया गया और कुछ घंटों बाद रिहा कर दिया गया था।

शब्द पहेली - 6195



बाएँ से दाए
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

ऊपर से नीचे
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

शब्द पहेली - 6194 का हल

सूडोकू नवताल - 6205

★★★★★ कठिनतम

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल - 6204 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

खबर संक्षेप

एनएसई को मिली कोयला एक्सचेंज के लिए मंजूरी

नई दिल्ली। एनएसई को प्रस्तावित कोयला एक्सचेंज के लिए 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' नाम आरक्षित करने की कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से मंजूरी मिल गई है। यह कदम फरवरी में एनएसई के निदेशक मंडल द्वारा इस पहल के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी स्थापित करने की मंजूरी के बाद उठाया गया है।

भारत-ब्रिटेन में एफटीए मई के दूसरे सप्ताह में होगा लागू

नई दिल्ली। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मई के दूसरे सप्ताह से लागू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार करार (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात शून्य शुल्क पर ब्रिटेन के बाजार में जाएगा।

भूचाल से सेंसेक्स खुलते ही 1600 अंक तक लुढ़का

अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सेंसेक्स 703 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ।

संघर्ष जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम बढ़े

पिछले सप्ताह बाजार को युद्धविराम से सीमित समर्थन मिल

कच्चा तेल बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल हो गया

गिरावट पर खरीदारी देखने मिल रही

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। चुनिंदा लिवाली के साथ-साथ गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा पर शुरुआती नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद यह देखने को मिल रहा है।

वार्ता विफल होने से कच्चे तेल में उछाल

हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है।'' नायर ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर बाजार धारणा पर दबाव पड़ रहा है।

वैश्विक तनाव बढ़ने से बाजार लुढ़के

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।''

एनटीपीसी व एक्सिस बैंक रहे लाभ में

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाली शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

युद्धविराम का भविष्य हुआ अनिश्चित

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे दो सप्ताह के युद्धविराम का भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसके साथ वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

एशिया के बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

सूचीबद्ध 2573 शेयर रहे नुकसान में

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि 1,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुक्रवार को 918.60 अंक बढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 275.50 अंक चढ़कर 24,050.60 अंक पर रहा था।

रायपुर में 'पाटनी टोयोटा' शोरूम का भव्य शुभारंभ सीएम साय ने किया उद्घाटन

रायपुर। शहर के लाभांडी स्थित रीबाउंस के पास सोमवार की शाम 'पाटनी टोयोटा' के अत्याधुनिक शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में टोयोटा कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सचिन शर्मा और जीएम सेल्स विनय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

करीब 1 लाख वर्गफुट में फैला यह भव्य शोरूम राजधानी के सबसे बड़े ऑटोमोटिव केंद्रों में शामिल हो गया है। इसमें 40 हजार वर्गफुट में अत्याधुनिक वर्कशॉप और बॉडी शॉप की सुविधा विकसित की गई है, जहां प्रशिक्षित प्रोफेशनल स्टाफ द्वारा उच्चस्तरीय सेवाएं प्रदान की जाएंगी। 'पाटनी टोयोटा' का संचालन यश पाटनी और वेदिका पाटनी के नेतृत्व में किया जाएगा। पाटनी ग्रुप के प्रमुख उमेश पाटनी और अनिता पाटनी लंबे समय से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस मौके पर उमेश पाटनी ने बताया कि समूह पिछले 40 वर्षों से इस व्यवसाय में कार्यरत है और अब तक 5 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर चुका है जो ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यश पाटनी ने कहा कि 'कस्टमर सैटिस्फैक्शन' ही पाटनी टोयोटा का मुख्य उद्देश्य है।

1 लाख वर्गफुट में फैला अत्याधुनिक 4एस शोरूम

ग्राहक संतुष्टि पर खास फोकस

रायपुर जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में यह शोरूम ग्राहकों को विश्वस्तरीय ऑटोमोबाइल अनुभव प्रदान करेगा और सेवा के नए मानक स्थापित करेगा।

शोरूम में कई प्रीमियम व्यवस्थाएं

यह शोरूम 4एस (सेल्स, सर्विस, स्पेयर पार्ट्स और सपोर्ट) सुविधा से लैस है, जहां ग्राहकों को टोयोटा के सभी मॉडल्स और उनके विभिन्न रंग विकल्प एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। जीएम सेल्स विशाल शर्मा और जीएम सर्विस मुकेश देवांगन के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगी। ग्राहक सुविधा को ध्यान में रखते हुए शोरूम में कई प्रीमियम व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें इन-हाउस कैंटीन में मुफ्त भोजन, ग्राहकों के ठहरने के लिए बेडरूम सुविधा, तथा सर्विस के लिए फ्री पिकअप-ड्रॉप सेवा शामिल है।

बिजनेस साइट

एक्सिस बैंक का हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए एफएचआरएआई से करार

रायपुर । भारत के प्रमुख निजी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने देश के हॉस्पिटैलिटी उद्योग के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत एक्सिस बैंक को एफएचआरएआई के देशभर में फैले सदस्य नेटवर्क के साथ अधिक करीब से काम करने का अवसर मिलेगा। इससे होटल, रेस्तरां और पर्यटन से जुड़े विभिन्न व्यवसायों के साथ सहयोग और मजबूत होगा। इस साझेदारी के तहत एक्सिस बैंक हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग और ट्रांजैक्शन से जुड़ी विशेष सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

इसमें विशेष करंट अकाउंट सुविधा के साथ पीओएस मशीन किराये पर रियायत, कैश मैनेजमेंट सेवाएं और पेमेंट सॉल्यूशन सेटअप फीस में छूट जैसे लाभ शामिल हैं।

चांदी 1,800 रुपए टूटी और सोना 300 रुपए कमजोर

- चांदी घटकर 2.45 लाख रुपए प्रति किलो रह गई
- सोना भी टूटकर 1.55 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 1,800 रुपये घटकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना घटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 1,800 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 300 रुपये घटकर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पर बातचीत बेनतीजा रहने के बाद सोमवार को बहुमूल्य धातु के दाम नीचे खुले। गांधी ने कहा कि बातचीत में रुकावट से बाजार धारणा पर असर पड़ा तथा डॉलर एवं बॉन्ड प्रतिफल में सुधार हुआ। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के कारण मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर चांदी 1.58 डॉलर या 2.09 प्रतिशत टूटकर 74.31 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 25.92 डॉलर टूटकर 4,722.26 डॉलर प्रति औंस रह गया।

वाहन कलपुर्जा उद्योग में नहीं एलपीजी की कोई कमी सरकार लगातार उद्योग संगठनों के साथ संपर्क में



नई दिल्ली । वाहन कलपुर्जा उद्योग में एलपीजी की कोई गंभीर कमी सामने नहीं आई है और पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के लिए उद्योग संगठनों के साथ लगातार संपर्क किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी बैठक में कहा कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दों को लेकर मंत्रालय वाहन उद्योग के संपर्क में है और हालात से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

स्विच मोबिलिटी ने 100 ई-बसें मॉरीशस को दी

नई दिल्ली। हिंदुजा समूह की इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी स्विच मोबिलिटी ने मॉरीशस सरकार को 100 इलेक्ट्रिक बस की डिलिवरी पूरी कर ली है। यह आपूर्ति दोनों देशों की सरकारों के बीच हुए समझौते के तहत की गई है। जिसके अंतर्गत 100 इलेक्ट्रिक बसें स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा मॉरीशस को उपहार के रूप में दी जा रही हैं।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

रायपुर में 'चांदी भंडार' की एंट्री दो सिग्नेचर स्टोर्स के साथ विस्तार

रायपुर। सिल्वर ज्वेलरी के क्षेत्र में तेजी से उभरता ब्रांड 'चांदी भंडार' ने छत्तीसगढ़ में दो सिग्नेचर स्टोर्स के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वर्ष 2013 में स्थापित यह ब्रांड आज पूर्वी भारत में 30 से अधिक शाखाओं और 5 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों के भरोसे के साथ मजबूत पहचान बना चुका है। रायपुर में विस्तार को कंपनी अपने विकास का महत्वपूर्ण पड़ाव मान रही है।

- 30 प्लस शाखाओं और 5 करोड़ ग्राहकों के भरोसे वाला ब्रांड अब छत्तीसगढ़ में

शहर में खुले नए स्टोर्स वीआईपी रोड, तेलीबांधा और पंडरी स्थित मुख्य मार्ग पर ग्राहकों के लिए एक व्यापक सिल्वर डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किए गए हैं। यहां ज्वेलरी के साथ डिनरवेयर, पूजा के बर्तन और गिफ्टिंग आइटम्स का विशाल कलेक्शन एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। स्टोर का आकर्षक इंटीरियर, विशेष रूप से लोटस मोटिफ वाला कैश काउंटर, ग्राहकों को प्रीमियम शॉपिंग अनुभव प्रदान करता है। कलेक्शन में महिलाओं के लिए 92.5% हॉलमार्क सिल्वर में जिरकॉन-स्टडेड, ऑक्सीडाइज्ड और 18 कैरेट गोल्ड-प्लेटेड ज्वेलरी शामिल है। पुरुषों के लिए 'अमोघ कलेक्शन' में ब्रेसलेट, कफ़लिंक और चेन जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं, जबकि बच्चों के लिए भी प्रीमियम डिज़ाइन पेश किए गए हैं। इसके अलावा लाइफस्टाइल और गिफ्टिंग से जुड़े सिल्वर प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज ग्राहकों को आकर्षित कर रही है।

मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत छूट

लांच ऑफर के तहत 4 से 20 अप्रैल 2026 तक मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50% की छूट दी जा रही है। कंपनी की फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर लिप्सा हंस और सीईओ और डायरेक्टर मानिक हंस ने कहा कि ओडिशा के बाहर यह विस्तार उनके लिए एक भावनात्मक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने रायपुर के ग्राहकों से भी उसी भरोसे और स्नेह की उम्मीद जताई, जो उन्हें अब तक मिलता आया है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, ग्राहकों के लिए लाइफटाइम फ्री क्लीनिंग, ट्राय-बिफोर-बाय और कस्टमाइज्ड प्रोडक्ट्स जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
उपलब्ध सेवाएं कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

पाइल्स क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ (ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

हार्दिक और क्रुणाल में कोल्ड वॉर, नहीं मिलाए हाथ !

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल में 12 अप्रैल 20वां लीग मैच वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। मुकाबले में बेंगलुरु ने 18 रनों से जीत दर्ज की। मैच के बीच पांड्या ब्रदर्स के बीच कोल्ड वॉर भी देखने को मिली, जिसकी चर्चा जोरों से हो रही है। टूर्नामेंट में क्रुणाल बेंगलुरु के लिए और हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। कथित तौर पर मैच के बाद हार्दिक और क्रुणाल ने एक दूसरे से हाथ भी नहीं मिलाया।

क्रुणाल ने हार्दिक पर मारा तीखा बाउंसर

मैच में एक पल आया कि जब हार्दिक बैटिंग पर और क्रुणाल गेंदबाजी पर एक दूसरे के सामने आए। हार्दिक के सामने बॉलिंग करते हुए क्रुणाल ने एक तीखा बाउंसर मारा, बात सिर्फ बाउंसर मारने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके बाद क्रुणाल ने हार्दिक को तीखी नजरों से देखा भी, जैसे अक्सर गेंदबाज करते हैं। टूर्नामेंट में इससे पहले कभी हार्दिक और क्रुणाल के बीच ऐसा देखने को नहीं मिला है। हार्दिक को जैकब डफी ने आउट किया, जिसके बाद क्रुणाल पांड्या ने काफी एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। क्रुणाल ने इस सेलिब्रेशन ने भी फैंस का ध्यान खींचा। अक्सर आईपीएल में हार्दिक और क्रुणाल को एक दूसरे खिलाफ बड़े ही प्यार-मोहब्बत के साथ खेलते देखा जाता था। दोनों एक दूसरे के गले मिलते थे, एक दूसरे से हाथ मिलाते थे।

मैच के बाद नहीं किया हैंडशेक

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि जब मैच के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे, तब हार्दिक और क्रुणाल ने हैंडशेक नहीं किया। हालांकि यह अभी दोनों के बीच सबकुछ ठीक न होने के सिर्फ कयास हैं। हार्दिक और क्रुणाल ने इस बारे में किसी भी तरह का कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हम भी दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की पुष्टि नहीं करते हैं।

बीसीसीआई ने आरआर के मैनेजर को भेजा नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में डगआउट में फोन चलाते दिखे थे।

बीसीसीआई ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। उसने इस मामले में 48 घंटे में जवाब मांगा है। रोमी भिंडर गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मैच के दौरान डगआउट में फोन चला रहे थे। उस समय उनके पास वैभव सूर्यवंशी भी बैठे हुए थे। टीवी कैमरों में भिंडर के फोन चलाने की घटना कैद हो गई थी। इसके बाद बवाल हो गया।

मैच के बीच फोन चलाने का मामला

भिंडर की है बचने की संभावना

बताया जा रहा है कि टीम मैनेजर मैच के दौरान एक फोन पास में रख सकते हैं। लेकिन वे इस दौरान अगर कोई फोन करते या उठाते हैं तो वह डगआउट में नहीं हो सकता। ऐसा सिर्फ ड्रेसिंग रूम में जाकर ही किया जा सकता है। भिंडर की जो क्लिप सामने आई है उसमें वे फोन पर बात नहीं कर रहे थे। वे केवल फोन स्क्रॉल कर रहे थे। अब देखना होगा कि राजस्थान रॉयल्स और भिंडर की तरफ से क्या सफाई दी जाती है।

गंभीर रूप से बीमार रहे थे भिंडर

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि भिंडर हाल ही में गंभीर रूप से बीमार रहे थे। इस वजह से वह अपने साथ फोन लेकर चलते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भिंडर के दोनों फेफड़े खराब हो गए थे। इसकी वजह से उन्हें आईसीयू में रहना पड़ा था। वे कुछ समय के लिए वेंटीलेटर पर थे। करीब एक महीने तक वे अस्पताल में भर्ती रहे।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	5	4	1	8
पंजाब	4	3	1	7
बेंगलुरु	4	3	1	6
हैदराबाद	5	2	3	4
दिल्ली	4	2	2	4
गुजरात	4	2	2	4
लखनऊ	4	2	2	4
मुंबई	4	1	3	2
चेन्नई	4	1	3	2
कोलकाता	4	0	3	1

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
224 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
10 विकेट
गुजरात

कोलकाता और सीएसके के बीच भिड़ंत आज

चेन्नई। पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली।

सनराइजर्स ने रॉयल्स के खिलाफ 57 रन से दर्ज की जीत

डेब्यू मैच में प्रफुल्ल-साकिब ने मचाया 'तहलका' हैदराबाद ने रोका राजस्थान का विजयरथ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की धारदार गेंदबाजी ने राजस्थान रॉयल्स को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। दोनों ही गेंदबाजों ने 4-4 विकेट लिए। यह प्रफुल्ल और साबिक का आईपीएल में डेब्यू मैच था। प्रफुल्ल ने पहले ही ओवर में 3 विकेट चटका लिए थे, जिसके साथ वह आईपीएल के इतिहास में डेब्यू करते हुए पहले ओवर में 3 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। मुकाबले में पहले बैटिंग के लिए उतरी ईशान किशन की कप्तानी वाली हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 216 रन बोर्ड पर लगाए। टीम के लिए कप्तान ईशान किशन ने 44 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। रन चेज करते हुए राजस्थान की टीम 19 ओवर में 156 रन पर ऑलआउट हो गई। सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 57 रन से जीत दर्ज की। हिंगे और साकिब ने मिलकर 8 विकेट हासिल किए।

वहीं राजस्थान के लिए डेनोवन फरेरा ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 44 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 69 रन स्कोर किए, लेकिन उनकी पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। चेज में राजस्थान की शुरुआत बहुत खराब हुई थी। टीम ने सिर्फ 9 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद जीत बहुत मुश्किल हो गई थी।

अभिषेक 7वीं बार डक पर आउट

हैदराबाद के ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने राजस्थान के खिलाफ अपना खाता तक नहीं खोल पाए। साल 2026 में टी20 में वो 7वीं बार डक पर आउट हुए और रोहित शर्मा व संजू सैमसन को पीछे छोड़ दिया जबकि पाकिस्तानी बैटर सैम अयूब समेत 7 बल्लेबाजी की बराबरी भी कर ली। वो टी20 प्रारुप में एक कैलेंडर साल में सबसे ज्यादा डक पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर आ गए। अभिषेक इस साल 7वीं बार डक पर आउट हुए जबकि रोहित और संजू इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में 6-6 बार डक पर आउट हो चुके हैं। रोहित के साथ ऐसा साल 2018 में हुआ था जबकि संजू के साथ साल 2024 में ऐसा हुआ था।

साकिब हुसैन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हैदराबाद की जीत में 21 साल के तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने अहम भूमिका निभाई। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में साकिब हुसैन ने अपने 4 ओवर्स में सिर्फ 24 रन देने के साथ चार विकेट हासिल किए, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल, डुनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई का शिकार किया। अपने इस प्रदर्शन के दम पर साकिब हुसैन आईपीएल डेब्यू मैच में छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

प्रफुल्ल ने किया कमाल

प्रफुल्ल हिंगे ने राजस्थान के खिलाफ 3 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट लिए और उन्होंने आईपीएल की पहली पारी में 4 विकेट लेने का कमाल भी किया। उन्होंने शोएब अख्तर समेत 8 गेंदबाजों की बराबरी भी की, जो उनसे पहले इस लीग में पहली पारी में 4-4 विकेट लिए थे। वहीं वो ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय बॉलर भी बने। ऐसा कमाल अगर भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो प्रफुल्ल से पहले अश्विनी कुमार और पॉल वाल्थाटी ने किया था।

मास्टर्स गोल्फ

रॉरी मैकलॉय ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| ऑगस्टा

रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफ़लर पर एक शॉट से जीत हासिल की। मैकलॉय ने तीसरे राउंड में छह शॉट की बढ़त गंवा दी थी, लेकिन अंतिम राउंड के आखिर में उन्होंने दो शानदार बर्डी लगाकर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। मैकलॉय इस तरह से वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में अपने खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए।

मास्टर्स जीतना बहुत मुश्किल

मैकलॉय ने कहा, 'पिछले साल मास्टर्स और ग्रैंड स्लैम जीतना बहुत मुश्किल लग रहा था, लेकिन इस साल मुझे अहसास हुआ कि मास्टर्स जीतना वाकई बहुत मुश्किल है। अविश्वसनीय।' अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मैकलॉय को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'रॉरी हर साल महान हस्ती बनते जा रहे हैं।' टाइरल हटन, रसेल हेनली, जस्टिन रोज और कैमरन यंग 10 अंडर 278 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना: बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **30/04/2026** समय (**प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक**) पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

क्र.	उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम	सपत्तियों का विवरण	बकाया राशि (रु.)	आरक्षित मूल्य अमानत राशि बोली वृद्धि राशि
01	अ) मेसर्स लक्ष्मीरूप प्राइवेट लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय, पता यूनिट- 1:- 535-सी, उरला औद्योगिक क्षेत्र, रायपुर 2.(अ) निदेशकः संतोष वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी, ब) दीपक वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी, स) नितिन वाधवानी पुत्र कमल वाधवानी, द) सनी वाधवानी पुत्र कमल वाधवानी अ) गारंटरः रूपचंद वाधवानी पुत्र हुकुमत राय वाधवानी ब) हरीश वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी, स) कमल वाधवानी पुत्र रूपचंद वाधवानी मेसर्स हुकुमतराय इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड। शाखाः समता कालोनी	1. श्री कमल वाधवानी एवं श्री संतोष वाधवानी के नाम पर नगरपालिका भवन नं. जी/01/29 नया, भूखंड नं. जी-1, ख.6/5 (भाग) वर्तमान में ऑनलाइन म्यूटेशन के बाद भुइयां ख. 6/34, प.ह.नं. 110, गणेश मंदिर के सामने, अनुपम नगर कॉलोनी, शंकर नगर, सुभाष चंद्र बोस वार्ड नं. 29, क्षेत्रफल 4000 वर्ग फीट (निर्मित क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट) में स्थित निर्माणाधीन भवन सहित आवासीय भूखंड का साम्यिक बंधक। 2. मेसर्स लक्ष्मीरूप प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर प्लॉट नं. 535-बी, 535-ए, 535-सी, 535-सी (भाग), 532-बी, क्षेत्रफल- 10.15 एकड़ (442134 वर्ग फीट) औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला- रायपुर, महामाया इस्पात के बाजू स्थित प्लांट व मशीनरी। (यह प्लांट व मशीनरी इस भूमि पर स्थित है) 3. मौजा- उरला (औद्योगिक क्षेत्र उरला रायपुर) खसरा नं. 616 (भाग), 617 (भाग), 630 (भाग), 631 (भाग), 632 (भाग), प्लॉट नं. 535-बी, 535-ए, 535-सी, 535-सी (भाग), 532-बी, भूमि का कुल क्षेत्रफल- 10.15 एकड़ या 442134 वर्गफीट ,प.ह.नं. 101/19, आरएनएम- धरसीवां-1, तहसील एवं जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़-491445, भारत.	UBI ₹ 38,78,07,177.65 + 01.02.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क; Federal Bank ₹ 22,63,21,280.68 + लागू ब्याज कुल मांग राशि ₹ 61,41,28,458.00	A ₹ 225.00 Lakh ₹ 22.50 Lakh ₹ 2.25 Lakh; B Plant and Machinery ₹ 1728.00 Lakh ₹ 172.80 Lakh ₹ 18.00 Lakh; C Land and Building ₹ 1602.00 Lakh ₹ 160.20 Lakh ₹ 16.00 Lakh; Total- B + C ₹ 3330.00 Lakh ₹ 333.00 Lakh ₹ 34.00 Lakh
02	भोलानाथ शिट रीना शिट शाखा-रिसाली	स्वामित्वः रीना शिट, प्लॉट नं. 27, शिव मंदिर के पीछे, दया नगर, प्रगति नगर, रिसाली, वार्ड नं. 61, भिलाई, जिला- दुर्ग। क्षेत्रफल 450 वर्ग फुट में स्थित एक तीन मंजिला आवासीय भवन।	₹ 25,57,342.67 + 31.07.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 18.00 लाख ₹ 1.80 लाख ₹ 0.20 लाख
03	श्री ब्रज भूषण पैंकरा, श्रीमती सुनीता पैंकरा, शाखा- प्रियदर्शिनी नगर	मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 9/8 का ईडब्ल्यूएस।	₹ 4,51,556.82 + 21.06.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 5.50 लाख ₹ 0.55 लाख ₹ 0.06 लाख
04	श्रीमती सुनीता पैंकरा, श्री ब्रज भूषण पैंकरा, शाखा- प्रियदर्शिनी नगर	मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 10/6 का ईडब्ल्यूएस।	₹ 4,52,139.09 + 21.06.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 5.50 लाख ₹ 0.55 लाख ₹ 0.06 लाख
05	नितीन जैन/ शाखा- दुर्ग	सर्वे नंबर ख. नं. 7215/2, प.ह.नं. 14/19, फ्लैट नंबर 301, तीसरी मंजिल, यूनिट 02, कृष्णा मैरिज पैलेस के पास, शकुंतला अपार्टमेंट, वैशाली नगर, वार्ड नंबर 15, कोहका, भिलाई, तह- दुर्ग, जिला-दुर्ग कुल क्षेत्रफल 1576 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट।	₹ 33,43,000.00 + 01.01.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 24.50 लाख ₹ 2.45 लाख ₹ 0.25 लाख

उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।
ई-नीलामी की तिथि व समयः 30/04/2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: **श्री जीतेंद्र नायक/मो.- 7250567881, क्र. 02 के लिए: श्री वी. के. मोहन/ मोबा. 6380747942, नं. 03, 04 व 05 के लिए: श्री गौरव मिश्रा/ मोबा. 7800002186.**

उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांकः 13.04.2026, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग

सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी

पाफोस। शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत करने का मौका गंवाने के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जब चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टेन से भिड़ेंगी तो दबाव में होंगी। एक अंक की बढ़त बनाने वाली वैशाली को 12वें दौर में चीन की जिनर झू के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे दोनों खिलाड़ी अब अंक तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चीन की गत विश्व चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने वाली चैलेंजर का निर्धारण करने के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में आराम के अंतिम दिन के बाद वैशाली की नजरें वापसी पर टिकी होंगी।

महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

मौका गंवाने के बाद वापसी पर वैशाली की नजरें

पाफोस। शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत करने का मौका गंवाने के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जब चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टेन से भिड़ेंगी तो दबाव में होंगी। एक अंक की बढ़त बनाने वाली वैशाली को 12वें दौर में चीन की जिनर झू के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे दोनों खिलाड़ी अब अंक तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चीन की गत विश्व चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने वाली चैलेंजर का निर्धारण करने के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में आराम के अंतिम दिन के बाद वैशाली की नजरें वापसी पर टिकी होंगी।

महिला टी20 वर्ल्ड कप : विजेता टीम को मिलेंगे 21.8 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा।

प्रतिभागी टीमों को मिलेगा पुरस्कार

आईसीसी ने कहा, सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपए) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एडजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी।

ई-नीलामी विक्रय सूचना

निलामी की तिथि एवं समय :- 20-मई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

HDFC BANK

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

	(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F) / (G)
स. क्रं.	ऋणी(यों) का नाम	वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य (रु.)	ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	**श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** द्वारा–एम अलागेसन, नंबर 32, चिनराज नगर, करायनचावडी, अय्यप्पनथंगल, एस पी महिला छात्रावास के पास, पूनामल्ली, पूनामल्ली–चेन्नई, तमिलनाडु, पिन – 600056& **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** पुत्र स्व. श्री गंगा प्रसाद पाठक, हिंदी हाई स्कूल के पास, शास्त्री नगर, सरशातली हीरापुर, बर्दवान, पश्चिम बंगाल– 713055. **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** महानिदेशालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, चेन्नई, 77 बीएन सीआरपीएफ उप जेल परिसर, करायंचवडी, पूनामल्ले – चेन्नई – 600056. **श्रीमती मिश्रा विभा** फ्लैट–ए–1/9–ए–108, फ्लोर–1, लोटस टावर ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 32611, 17, 19, 23, 20 भाग, मकान नं. 105, ग्राम–मठपुरेना रायपुर छ.ग.–492001. **श्रीमती मिश्रा विभा** पुत्री नरेश मिश्रा, ई 44, राधास्वामी नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001.	₹ 16,35,423/- 30 अप्रैल 25* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की हाऊसहोल्ड फ्लैट जिसका क्षेत्रफल सुपर बिल्टअप एरिया–820 वर्ग फुट, बिल्टअप एरिया–800 वर्ग फुट है, प्रथम मंजिल, फ्लैट–ए–1/9–ए–108, पहली मंजिल, लोटस टावर कॉम्प्लेक्स, ढेबर सिटी ब्लॉक, प.ह.नं. 105/47, खसरा संख्या 326/1, 326/19, 326/17-23, 326/20, वार्ड संख्या 61, महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड, ग्राम–मठपुरेना, रायपुर छत्तीसगढ़। **चौहद्दी:**–(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर में फ्लैट संख्या ए–1/10, दक्षिण में खुला स्थान, पूर्व में लॉबी, सीढ़ियाँ और रास्ता, पश्चिम में खुला स्थान।	भौतिक	₹15,95,000/-	₹1,59,500/- / ₹ 5,000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 28-अप्रैल -2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :-18-मई -2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।

ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।

संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.

सावधानी नोट: बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 14 अप्रैल, 2026
स्थान: रायपुर
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com